Shri Datar: If the hon. Member will wait for one minute more, I shall give the figures. I shall confine myself to these three areas. I shall bring in Delhi only incidentally. You will find that for the year 1961-62 the total income or receipts of Delhi were Rs. 13 crores while we spent Rs. 30 crores. In 1962-63, Rs. 13 crores would be all the receipts for Delhi but we shall nave to spend during this year Rs. 37 crores for developing Delhi, including rural and urban area. In respect of the other three territories also you can see the small amount of receipts and the large amounts that are being spent by the Government of India. The total income in Himachal Pradesh in 1961-62 was Rs. 4.07 crores while the Government spent Rs. 19.40 crores. The hon. Members do not appreciate what great measures of expenditure we are incurring in these areas. With receipts totalling Rs. 4 crores we spend over, 19 crores in 1961-62. For the current year we shall be spending Rs. 21.76 crores while the receipts would be about Rs. 4.32 crores. Thus in Himachal Pradesh, we are spending five times the receipt This factor should not be lost sight of. When a special study is asked for, all these questions will have to be taken into account. Now, take Manipur. All the income of Manipur is only half a crore, that is, Rs. 50.34 lakhs and in 1961-62 we spent Rs. 7.39 crores. That means, eight times the receipts. I am glad that we are spending this amount but this fact should also be appreciated by the hon. Members, especially from these areas. The smallness of the area and the smallness of the income are all factors that cannot be lost sight of when, for instance, they want that these areas should be full-fledged States.

Shri Dasaratha Deb: Our complaint was not about the money spent but that people are not associated with this expenditure.

Shri Datar: So far as Tripura is concerned, for the year 1961-62 the income was Rs. 52 lakhs—that is my hon. friend's territory—and we spent Rs. 10.83 crores.... (*Interruptions*). Please do not give me information; take the information from me. During the current year we have budgeted for Rs. 55.82 lakhs of total receipts and an expenditure of Rs. 11.52 crores;

it is more than ten times. I am now confining myself to these three territories not Delhi in respect of which oftentimes a very strong claim is made that they ought to be formed into full-fledged States. For the purpose of forming full-fledged States, certain requirements have also to be taken into account. They ought to be as they called at the time of States reorganisation, viable States. That factor should not also be forgotten. At the Government of India level, all India level, we are anxious that not a single part of India remains inaccessible, neglected or undeveloped.

Yesterday, some hon. Members made a reference to border areas. It is true that certain border areas had not been properly developed at all. They were almost inaccessible for the major portion of the year. That is the reason why the Government of India took a decision to help the State Governments and the State Governments formed small districts out of these inaccessible and highly neglected areas—three in Uttar Pradesh, one in Himachal Pradesh, one in the Punjab and one in the Ladakh region of the Jammu and Kashmir State. So far as these areas are concerned, the Government are anxious to see that they are properly developed not only in respect of the means of communication but also in the matter of education and economic resources. These must be given to the inaccessible places where people are living.

Shri Hari Vishnu Kamath: Sir I rise to a point of order.

Mr. Deputy-Speaker: No. A point of order cannot be raised in the midst of a speech.

Shri Nath Pai (Rajapur): Sir, you must please allow points of order to be raised by any Member.

Shri Hari Vishnu Kamath: The Minister of State is speaking about border areas. I believe that if the Defence Minister were here he might have refused to disclose all this information in public interest.

Mr. Deputy-Speaker: There is no point of order.

Shri Datar: I was pointing out that there were certain areas in Himachal Pradesh, Punjab and Jammu and Kashmir which require immediate development. There were other areas which are being looked after well. We have got NEFA for example. Then we have got other areas which are being looked after well, largely out of the amounts at the disposal of the Government of India. These are the areas that require a large measure of development and a large measure of the means of accessibility since for a larger part of the year those unfortunate people are suffering due to inaccessibility of the area. We are making large grants.

Dr. M. S. Aney (Nagpur): I want ask one question with your permission. The Minister of State has given figures in respect of Himachal Pradesh, Tripura, etc. I want to know whether these figures include the amounts sanctioned for building check-posts also on the India-China border?

Shri Datar: The hon. Member should not have asked this question because these amounts are being spent on developmental projects Therefore, the whole position was very clear.

Then, so far as the development of these areas is concerned, the Government are spending crores of rupees in order to see that the disparities in the different parts of India are removed as completely as possible. Therefore, those hon. Members who are anxious to have a full-fledged State must remember this. I am not posing any question for them. I am much less answering any question. But I do desire that we should all approach this question of a full-fledged State from a realistic point of view. Therefore, so far as these three territories are concerned, the Home Minister made an

[Srri Datar]

announcement some months ago that more powers should be given to the territorial councils: they can form an advisory body or an executive council, if you like, and they will have a large measure of control not only with regard to the present subjects but additional subjects also might be transferred to them. That is a matter which has to be considered in as dispassionate and as progressive a manner as possible. So much for the Union territories. Then, in respect of the backward classes—.

Shri Hari Vishnu Kamath: What about Goa?

Mr. Deputy-Speaker: The Minister has taken 50 minutes

Shri Datar: I am trying to finish if you will kindly give me ten minutes more.

Shri Hari Vishnu Kamath: We love to hear you.

Shri Datar: The subjects are vast and hon. Members are anxious to get more information from me They are entitled to it. That is why, I request you to show me some indulgence. So far as the backward classes are concerned, the welfare side of the backward classes will be dealt with by the Deputy Minister, Shrimati Chandrasekhar.

Shri Hari Vishnu Kamath: Why such division of labour?

Shri Datar: I am only dealing with two or three aspects of this question. A number of hon. Members contended with considerable force that the percentage of representation of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the services is at all levels so extremely low. To a large extent their criticism is justified, but may I point out that we are taking a number of steps? My hon. friend yesterday was earnest but he criticised us, almost without appreciating what we have done.

Shri Basumatari (Goalpara): I appreciate what you have done.

Shri Datar: So far as the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are concerned, they have been working under disabilities in their own ways. So far as the Scheduled Tribes especially are concerned, they have been isolated more or less from the plains. Secondly, the Scheduled Castes have had a number of social disabilities and consequently the economic disabilities also. That is the reason why the question was slightly taken up by the British administration, but the moment we came to power, the moment the Government of India was formed by the leaders of society, this question was taken in hand in right earnest and we passed orders that on the one hand we ought to give them the largest measures of scholarships or stipends, while attending to their other needs on the other. In the year 1948, we gave only Rs. 30 lakhs to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes by way of post-matriculation scholarships. Last year, you will find that the amount was Rs. 250 lakhs. Till now this has been extremely useful. Without any distinction, all the persons who were elligible were given scholarships, without any means test being used, and that has helped the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes and other backward classes to come up to the largest extent possible. They took to education. Unfortunately, one's heart must melt when one finds that for centuries, due to suppression, these people did not come out, but when they took to education we took proper care to see that the avenues for employment should also be opened up for them

Take, for example, the IAS and the IPS. It is true that the number of these communities in these services is still small, and that is the reason why, three years ago, the Government of India took a decision that they ought to be specially trained. These unfortunate people had no proper environments for carrying on their studies. Therefore, the Government of India

took up this question with the universities. The Allahabad University was ready to accept our suggestion for opening tuition and coaching classes. The classes were opened two years ago. They have given excellent results. It had been my good fortune to go there when the classes were inaugurated, and within ten months, the best among the Scheduled Caste and Scheduled Tribe boys came up to the expectation that we had. That is on account of the excellent training that was given by the Allahabad University with the fullest grants from the Government of India. We were giving them Rs. 76,000 in the first year for meeting the running expenses. We have given them Rs. 2 lakhs odd for building a special hostel for the IAS and IPS trainees. As a result of this training, you will find that the number of Scheduled Caste and Scheduled Tribe people in these services is growing. They are passing examinations, not merely the written tests but the oral examinations also. May I point out one instance? Formerly, for years together, we had hardly two or three from these communities. The highest number was five.

Shri David Munzni: (Lohardaga): What is the percentage of tribals in the Indian Foreign Service?

Shri Datar: You will be glad to note that in the 1961 examination 22 candidates from the Scheduled Castes and four candidates from the Scheduled Tribes qualified for the IAS. You can see that they are coming up in large numbers. Our scheduled castes and scheduled tribes are a virgin field. They have not been properly trained for centuries together. The moment you give them training, they come up. I would not go into all the figures neither shall I contest the fact that their number is low. All the same, including those whom we are taking immediately, the number of scheduled castes in the IAS comes to 70 and the number of scheduled tribes is 24. Formerly we were having one or two or hardly five. Now, the results of the training classes have more than justified our expectations. May I tell the House that we are opening a centre in the Suoth also?

My friend yesterday made light of efficiency, made light of UPSC and of all other things that require careful consideration. He said, "After all the UPSC is your creature and the rules are yours. Why don't you change the rules?" Under article 335, consistent with the claims of maintaining the highest degree of efficiency, we have to take these people. I have no time to give the other figures. I have got the latest figures for central services as well as for the various States. They are gradually coming up.

So far as Class IV is concerned, I am not going to deal with it, because Class IV, includes menial servants and others. In Class III, their number is steadily increasing. So far as Classes I and II are concerned, their number is rising slowly, but surely. We have laid down a number of rules A number of concessions have been given to the scheduled castes and scheduled tribes and I am very happy that very large numbers are coming forward. This is so far as their representation in the services is concerned.

Some hon. Members made a reference in a very general and rather vague way that the Government of India appoints commissions, but they do not carry out their recommendations. In respect of the scheduled castes and scheduled tribes, during the last two years we had appointed three commissions. One is the Commission presided over by our elder colleague, Shri Dhebar. The other was the Scavengers Conditions Committee and the third was Father Elwin's Committee. We had the reports of these committees and as a result of the recommendations made by Father Elwin's Committee, we had taken a decision to see that the largest number of tribal development blocks are opened. Under the Second Plan, we opened 47 tribal

[Shri Datar]

development blocks, each costing about Rs. 27 lakhs in all. 324 blocks are to be opened during these 5 years and each block will cost Rs. 22 lakhs in the first phase, and Rs. 10 lakhs in the second phase. So far as each block is concerned, the share of the Government of India—Home Ministry—will be about Rs. 15 lakhs. That would be spread over 10 years, not 5 years. This is so far as the Elwin Committee is concerned. So, it is not proper to say that committees are appointed, but their recommendations are not properly looked into. We have given the fullest consideration and with certain minor modifications, we accepted them.

Among scheduled castes, the conditions of scavengers were extremely bad. They were almost inhuman. That is the reason why we took care to see that these conditions have got to be removed. The unclean conditions in which they were living have got to be removed. Housing conditions have to be provided for. The actual figures will be given by my senior colleague. Thus, you will find that we are trying our best to see that they come up to the level.

Shri Hari Vishnu Kamath: Gradually.

Shri Datar: Yesterday, the hon. Member, who was a member of the Tribal Commission and who ought to have known better, said that we are talking of national integration, but we do very little for the tribals. Does he know that we have spent about Rs. 125 crores over the tribals alone and their number is about 2 crores? So much money is being spent; roads are being opened and we are trying our best to see that tribals are as much Indians as others and they ought to be given the greatest help. May I point out to my friend, Shri Dasaratha Deb, that there is no such thing in India as second class or third class citizenship?

Shri Hari Vishnu Kamath: Only first class.

Shri Datar: The tribals and the scheduled castes are entitled to special consideration with a view to bring them on a par with others. So, I would tell the hon. Member that we are trying our best to improve the conditions of the tribals and scheduled castes. What we have done may not be very satisfactory, but considering the magnitude of the difficulties which face us, we have done a lot.

I would appeal to hon. Members that if they think of national integration, they ought to help us, because we want to see that the tribals and Harijans are placed on the same parity with others so far as removal of disabilities and economic uplift are concerned. If that is done, then there will be national integration in the fullest sense. All of us are going towards that particular ideal.

Matters like prohibition and others are there and hon. Members have asked a number of questions. I have no time, but I would point out that so far as the main heads of our activities are concerned, Government are fully alive to the need to carry on the work progressively. Government are responsive to the criticism offered and with the fullest cooperation of not only the hon. Members on this side, but the hon. Members on the other side also, I think a day would come when these social and economic disparities would disappear and we shall have the fullest picture of actualised national integration in every sense of the term.

श्री शिवमूर्ति स्वामी (होप्पल) : उपाध्यक्ष महोदय, गृह मंत्रालय के बारे में बहुत से माननीय सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रकट किये हैं। राष्ट्रीय एकता के सबन्ध में बहुत सी परिषदें और सभायें इस मुल्क मे हो रही हैं। इस बारे में मैं राष्ट्रीय नेताओं से पुरजोर प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस देश के लोगों में जातीय और कम्युनल आधार पर

जो तक्सीम हो चुकी है और जो पक्षीय हिस्से बन गये हैं जब तक हम उन को दूर नहीं कर सकेंगे, तब तक राष्ट्रीय एकता नहीं हो सकेगी । मैं समझता हूं कि हम इन तमाम हिस्सों को खत्म कर के एकता की भावना को लाने में कामयाब नहीं हो पाये हैं ।

मैं इस सदन का ध्यान एवार्ड (Association of Voluntary Agencies for Rural Development) में लिखे जे० पी० के एक लेख की तरफ खींचना चाहता हूं, जो कि इस प्रकार है :—

"Political theory and practice naturally reflect this state of affairs, and political democracy is reduced to counting of heads. It is further natural in these circumstances for political parties, built around competing power-groups, to be formed, leading to the establishment, not of government by people, but of government by party: in other words, by one or another power-group."

Democracy means government of the people, by the people and for the people. But now democracy is the government of the party, by the party and for the party.

डिमाक्रेसी के माने अब यह हो चुके हैं । जब तक हम उस को दूर नहीं करेंगे हर दृष्टि से, हम देश में राष्ट्रीय सरकार कायम नहीं कर सकेंगे । उस वक्त तक सिर्फ बातों में ही यह चीज हो सकेगी । असली राष्ट्रीय एकता कभी नहीं हो सकेगी ।

"Now, a community in order to be real, that is, in order that it might be infused with the sense of community, must emphasise in its internal life such ethical values as adjustment, conciliation, harmony and co-operation. Without these there can be no community. The community can never be at war with itself: one part of it fighhting the other (albeit democratically)"

हम देखते हैं कि आज भी एक पार्टी हुकुमत को अपने हाथ में लेती है, वह मुल्क को आगे बढ़ाने के लिये चाहे जितनी भी बातें करे, दूसरी पार्टी के लोग जो पार्टी हुकमत में है उस को हटाने के लिये सोच-विचार, सत्याग्रह और जो जो बातें हो सकती हैं, करती हैं । इसलिये जो प्रतिक्रियावादी फोर्सेज हैं, जो विरोध में हैं, ये लोग इस एकता को नष्ट करना चाहते हैं । पार्लियामेंट के अन्दर जो इस तरह से नहीं होना चाहिये । यहां पर एक राष्ट्रीय गवर्नमेंट की तरह काम करना चाहिये । यहां पर किसी दलबन्दी को नहीं माना जाना चाहिये । बाहर भले ही वे अलग अलग तत्वों की तरफ से काम कर सकते हैं ।

"The representative, political institutions for example, should be so constituted as to represent not individuals, but their communities, beginning with the primary community and going outward to embrace wider and wider circles. In this system, the community thus takes the place of the party—this differences within and between communities being adjusted and harmonised at every level."

हम दुनिया की गवर्नमेंट का ख्वाब देख रहे हैं, दुनिया में सहकार पैदा करने का ख्वाब देख रहे हैं, लेकिन क्या इस मुल्क के अन्दर इस तरह के काम करते हैं ? अगर आपस में कोई मतभेद होता है तो हम उस को पार्टी बाजी बन्द कर के तय कर सकते हैं । राज्य करने का जो पुराना इतिहास है, उस से हम कुछ सीखें । आप देखिये कि राज धर्म क्या है । भारत का राज धर्म क्षत्री धर्म है । क्षत्री धर्म की बुनियादी तत्व वही है जो कि कहा जा सकता है कि गीता में है । जो दुष्ट है उस का विनाश करना चाहिये । और जो शिष्ट होता है उसकी हमें मदद करनी चाहिए । अगर आप इस तत्व को देखें तो अपने लिये भी इस को अपना सकते हैं। अपनी पार्टी वाले भी अगर कोई गलती करते हैं तो उन को भी ठीक करने मे

[श्री शिवमूर्ती स्वामी]

हम लगें और उन को शिक्षित करें। लेकिन आज हम ऐसा कर रहे हैं ? कितनी रिपोर्टस् आती हैं कि सब जगह करप्शन चल रहा है। पी० ए० सी० की रिपोर्ट आती है कि चोरी होती है। अगर कोई १० रु० की भी चोरी करता है तो उस को छः महीने की सजा दी जाती है : लेकिन करोड़ों रुपये का करप्शन होता है। आखिर उस की रोक थाम क्यों नहीं की जा सकती। इस की क्या वजह है। अपनी पार्टी के लोगों के अन्दर जब घुमखोरी का सवाल उठता है तो उन को बचाने की कोशिश की जाती है। मैं आप का ध्यान इस की ओर खींचना चाहता हूं कि इस रिपोर्ट में क्या है। मैं अपनी स्टेट के बारे में जानता हूं।

The Mysore Administration—Some observations and recommedations by A. D. Gorwala

"During the time I have been in Mysore the governmental and administrative atmosphere has seemed to be vitiated by what is known as the 'Vidhana Soudh' scandal. This incident aroused considerable feeling among the people and affected very detrimentally the morale of the entire administration"

गोरवाला साहब बड़े आई० सी० एस० आफिसर हैं, जिन को मैसूर के एडमिनिस्ट्रेशन को देखने के लिये भेजा गया था, उन्होंने बहुत से बेहतरीन सजेशन्स दिये हैं। मैसूर स्टेट के एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में एन्क्वायरी करने के लिये, अपोजीशन मेम्बरों की मांग पर उन को वहां भेजा गया। वह वहां जा कर देखते हैं और कहते हैं . . .

Mr. Deputy-Speaker: Mysore State is not under discussion here. We are concerned with Government of India. So, that will not be relevant here.

Shri Sivamurthi Swamy: I am placing this before the House because law and order....

Mr. Deputy-Speaker: It may be relevant in Mysore, not here.

श्री शिवमूर्ति स्वामी : सेंट्रल गवर्नमेंट वहां पर जितना भी करप्शन होता है उस की रोक थाम करने के लिये एक अफसर को भेजती है जो कुछ वहां पर होता है उस का इन्वैस्टिगेशन करने के बाद जो वह कहना है उस के ऊपर कम से कम गवर्नमेंट कह सकती है, हिदायत दे सकती है कि क्या एक्शन लिया जाय। लेकिन अगर वह यह हिदायत न दे कि क्या एक्शन लिया जाय तो फिर उस के बारे में क्या किया जाय ?

"The Mysore scene looked at from this point of view presents a discouraging picture. There is the glaring example of the Vidhan Soudh. Nearly two crores have been spent...."

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. I told the hon. Member that it is not revelant here. So he cannot refer to it.

Shri K. R. Gupta (Alwar): It is only a report of a committee.

Shri Sivamurthi Swamy: It is only the report of a committee appointed by the Central Government. But the Central Government has not advised the State Government to take necessary action.

Mr. Deputy-Speaker: It may be relevant in the Mysore Assembly, not here. Mysore Government is not here to defend itself.

Shri Bade: The Committee was appointed on the advice of the Central Government to inquire into the matter.

Mr. Deputy-Speaker: Please leave it to me to decide.

श्री शिवमूर्ति स्वामी : इस के बाद मैं दूसरा प्वाइंट ले लेता हूं। आप ने बहुत सी स्टेट्स के रुलर्स को प्रीवी पर्स देने का फैसला हमारे सामने पेश किया है। उस के बारे में मैं खास तौर पर उस स्टेट की तरफ आप का ध्यान खींचना चाहूंगा जिस को

सांडूर स्टेट कहते हैं । इस स्टेट का क्षेत्रफल है १५८६४ वर्ग मील और आबादी है १५ या १६ हजार की । उस स्टेट मे ३० विलेजिज थे । उस की आमदनी २ लाख रुपये की थी । आप अपने ह्वाइट पेपर की दृष्टि से देखें तो उसे २५ हजार से ज्यादा का प्रीवी पर्स नहीं दिया जा सकता । वैसे तो बहुत से लोगों का ख्याल है कि प्रीवी पर्स को खत्म ही कर दिया जाय, लेकिन अगर किसी वजह से आप ऐसा नहीं करना चाहते हैं तो जैसा कि ह्वाइट पेपर के अन्दर लिखा हुआ है और इस संसद् की स्वीकृति उस को है कि एक्स-रूलर को क्या दिया जाना चाहिये, उस के हिसाब से देने की बात की जाय ।

इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि मैसूर के जितने फारेस्ट हैं वह इन राजाओं को सिर्फ शिकार के लिये दिये गये थे । लेकिन लोग वहां पर जा कर खुद ही मालिक बन गये और सन्दल वुड का लाखों रुपया खा गये । वहां पर खुले तौर से ब्लैक मार्केट हो रहा है और दोनों हाथों से पैसा कमाया जा रहा है । इस को बन्द किया जाय और इस को साफ कर दिया जाय कि केन्द्रीय सरकार से यह जगह सिर्फ शिकार के लिये दी गई थी न कि सन्दलवुड ले जाने के लिये ।

इस के बाद मैं माइनिंग आफ मैंगनीज के बारे में कहना चाहता हूं । यस भी वहां उन राजाओं के हाथ में है । उस की भी आप अच्छी तरह से देख भाल करें और सेन्टर से उसे किसी को न दिया जाय । जो माइनिंग ऐक्ट है, उस का ज्यादा से ज्यादा गलत फायदा लोग उठा रहे हैं, इस की तरफ भी ख्याल किया जाये ।

अब मैसूर स्टेट के बारे में मैं कहना चाहता हूं । सेन्ट्रल आडिट रिपोर्ट (सिविल) कल ही हम को मिली है । उस से पहले बहुत सी मिनिस्ट्रीज की मांगों पर बहस हो चुकी हैं । अगर पहले उसे दे दिया जाता तो शायद ज्यादा फायदा हो सकता था । लेकिन मैं केन्द्रीय मंत्रालय से निवेदन करना चाहता हूं कि उस मे मिनिस्ट्री आफ होम अफेयर्स में जो एम्बैजेलमेन्ट बतलाये गये हैं उन पर आप नजर डालें । **लास आफ कैश एंड जुवेलरी** गवर्नमेंट के खजाने से हुआ है । उस जुवेलरी और सामान की कमी पाई जाती है । फिजिकल असेसमेंट के बाद उस में बहुत कुछ नुक्सान मालूम हुआ है । उस की आप देख भाल करें । इसी तरह से अदालत में दस दस बीस बीस हजार का रखा सोना चोरी चला जाता है : खुद रायचूर और हवेली की अदालत से इस तरह की चोरी हो गयी और उस का पता नही चला, इस का मुझे बहुत अफसोस है ।

दूसरी बात जो आप ने लिंग्विस्टिक स्टेट बनाये उन के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं । भारत वर्ष में राष्ट्रीय भाषा एक ही हो सकती है । हमारा काम हिन्दी में होना चाहिये, अंग्रेजी का कोई सवाल नहीं है जो कि हजारों मील से यहां आयी थीं । हमारे यहां उसमानिया यूनिवरसिटी में उरदू को आसानी से हिन्दी में बदला जा सकता था लेकिन वहां से उरदू को निकाल कर अंग्रेजी को लाया जा जा रहा है । आप को हिन्दी को बढावा देना चाहिये । दक्षिण भारत मे, कुछ आदमियों को छोड़ कर जो अंग्रेजी बोलते हैं, कोई अंग्रेजी को नहीं चाहता । वहां आप हिन्दी को बढावा दे सकते हैं और उस के लिये केन्द्रीय सहायता दी जानी जाहिये ।

हरिजनों के बारे में भी मैं चन्द बातें कहना चाहता हूं । हरिजनों का सुधार चन्द लोगों को वजीफे देने से और उन को स्कूलों में भेजने से ही नहीं हो सकता । आप को उन्हें इकानामिक इमदाद देनी चाहिये, उन को जमीनें देनी चाहियें । मैं आप के द्वारा पूछना चाहता हुं कि सरकार कृहमारे सामने आंकड़े रखें कि उस ने कितने हरिजनों को जमीनें दीं, कितनी बावड़ियां खुदवा कर दीं, कितने मकान बनवा कर हरिजन को दिये । तो आप को उन के इकानामिक इमदाद देनी चाहिये ।

[श्री शिवमूर्ती स्वामी]

कुछ ह्वाइट कालर्ड हरिजन पैदा करने से ही उन की समस्या हल नहीं होगी । जो लोग झोंपड़ियों में रहते हैं उन को मदद देने की आवश्यकता है ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि लिंग्विस्टिक स्टेस् बनने के बाद जो कुछ बार्डर डिस्प्यूट्स रह गये हैं उन को निपटाना चाहिये । कल ही मोरे साहब ने कहा कि मैसूर में महाराष्ट्र का कुछ हिस्सा है । मैं उन मैसूरियन्स में से नहीं हूं जो इस सवाल को तंग नजरी से देखते हैं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि में भी कुछ कन्नड बोलने वाले जिले हैं । अगर वह बेलगांव की एन्क्वायरी कराना चाहते हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि शोलापुर जिला कन्नड बोलने वालों का जिला है और उस के दक्षिण सारे ताल्लुके मैसूर राज्य में आने चाहियें । इसलिये आप को एक हाई पावर्ड कमेटी बिठानी चहिये जैसी कि आप ने बिलारी का झगड़ा निपटाने के लिये वांचू कमेटी बिठायी थी और वे जो झगड़े हैं इन को पायमाल न ले कर सब का फैसला कर दिया जाय तो अच्छा हो । मैं कहाना चाहता हूं कि आंध्र राज्य मे मैसूर का मडकशिरा आलूर, अडोनी, रायदुर्ग है और केरल में कासरगोड मैसूर राज्य का कन्नड इलाका है । इसी तरह से शोलापुर और मंगल बेड़ा और अक्कल कोट महाराष्ट्र में करनाटक के हिस्से हैं । हम यह नहीं चाहते कि किसी दूसरे राज्य का कोई हिस्सा हमारे राज्य में रहे लेकिन साथ ही हम यह भी नहीं चाहते कि हमारी स्टेट का कोई हिस्सा दूसरे राज्य में रहे । अगर सरकार चाहती है कि इस चीज को नेशनल इंटीग्रेशन का नाम ले कर दबा दिया जाये तो ऐसा नहीं हो सकता । जो बार्डर का झगड़ा है उसको तै करना होगा । इस हाउस में जो महाराष्ट्र के एडवोकेट श्री लिमये हैं उन्होंने खुद पिटीशन दी है । उस पिटीशन पर बहुत से लोगों के दस्तखत भी हो चुके हैं, लेकिन इस पिटीशन से नहीं एक कमीशन आप बिठाकर इसका फैसला कीजिये, जो दक्षिण भारत के राज्यों में इस तरह के छोटे छोटे झगड़े हैं उन सब को एक जूडीशियल कमेटी स्थापित करके निपटाया जाये ।

अन्त में मैं राष्ट्रीय एकता के बारे में कुछ कह कर अपना भाषण समाप्त करता हूं । राष्ट्रीय एकता उस वक्त तक कभी मैटीयर-लाइज नहीं हो सकती जब तक कि उन शब्दों पर अमल न किया जाये जो कि गांधी जी की जबान पर आखिरी समय में थे और वह क्या बात थी ? वह बात लोगों को सेल्फ रूल देने की थी और उसी को ले कर आप पंचायत राज कायम करना चाहते हैं । और पंचायत का चुनाव नान-पार्टी बेसिस पर करना चाहते हैं । लेकिन पंचायत से आगे पंचायत समिति और ताल्लुका परिषद का चुनाव कांग्रेस और नान-कांग्रेस के आधार पर होता है और हमने देखा है कि इनमें कांग्रेस के वोट ४५ पर सेंट थे तो दूसरों के ५५ पर सेंट । तो इससे झगड़ा पैदा होता है । इसलिए इस झगड़े को दूर करने के लिए जरूरी है राष्ट्रीय सरकार हो ।

National government is the only salvation to keep the integration of the country. Otherwise, the country will go to the dogs.

अगर ऐसा नहीं किया गया तो जिस तरह पहले हिन्दुस्तान ने फूट के कारण सफर किया उसी तरह आगे भी हो सकता है । आज हालत यह है कि एक पार्टी दूसरी पार्टी के खिलाफ है, एक लोग दूसरे लोगों के खिलाफ हैं । मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के सदर श्री जैन मैसूर से चुन कर आ रहे हैं । बताया जाता है कि वहां पर नेशनल इंटीग्रेशन के नाम पर प्रचार हुआ । इसकी मुझे खुशी है कि इस तरह नेशनल इंटीग्रेशन हुआ । लेकिन अच्छा होता कि वहां से हारे हुए उम्मीदवार को खड़ा न करके कांग्रेस के किसी बड़े नेता जैसे टंडन जी, या डा० राजेन्द्र प्रसाद या नेहरू जी को खड़ा किया जाता तो ज्यादा अच्छा होता । यह जो किया गया यह सही

मानों में नेशनल इंटीग्रेशन नहीं है, यह तो अपने एक आदमी को ट्रेजरी बेंच में स्थान देने का तरीका है। उसके सिवा और कुछ नहीं है।

इतना कह कर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्रीमती लक्ष्मी बाई (विकाराबाद) : महिलाओं को भी बोलने का मौका मिलना चाहिए ।

Shri A. S. Alva (Mangalore): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I want to place a few suggestions before the House in respect of this Ministry which if accepted, I am sure, will go a long way in having national integration. In the first place, I would like to refer to the Judges who are serving in the different High Courts. The Law Commission has suggested in its report recently that at least one-third of the judges in each State must be from other States. This recommendation of the Law Commission has not yet been given effect to. I do not see any insurmountable difficulty in bringing this suggestion of the Law Commission into force. I am told there is a rule that if a Judge wants to be transferred to another State, then the Chief Justice and the Government of that State have to agree to this. This is a rule which will not in any help the unification of the country. After all, judges must be prepared to serve in any State and there should be no question of any consent being obtained either from the Chief Justice or State Government of another State.

Again, in the matter of superior services also, it is absolutely necessary that at least one-third of the cadre must be from a different State. Now we are faced with the problem of border disputes in each State. We all know what happened in Goa itself recently.

Officers from the Mysore and Maharashtra States were drafted into the service of that Territory. Then allegations were made by each State saying that the officers are trying to see that Goa is merged either in Maharashtra or in Mysore. Personal allegations are also made. I am sure that most of these things are false, but at the same time there is scope for allegations of that type to be made.

For this reason it is absolutely necessary that officers of one State should be posted to an other States so that people may not feel that they belong to a separate State altogether and have nothing to do with another State and the rest of India. The Home Ministry must seriously consider this aspect. Delay in this respect will really be of not much assistance.

One other aspect which the Home Ministry may also consider is about prohibition and its enforcement. Of course, it is really a very good thing that prohibition should be introduced and implemented if it is possible. But the way in which prohibition, which is not complete in the entire country, is now being carried on has brought a lot of justifiable criticism which the Ministry has to face. Coming as I do from a particular State where five different portions of the States have been integrated—I refer to Mysore—we find that the entire State is not dry. Some of the areas are still wet. As was rightly pointed out, a man seems to be respectable if he could drink where there is no prohibition but he is disreputable if he drinks secretly in a place where it is day. The way in which this prohibition law is being enforced also leaves much to be desired. So, I would humbly appeal to the Home Ministry to consider this aspect. After all, sentiments apart, if there is enough effective machinery and the public also can be taken into confidence and a time comes when we feel that prohibibtion is necessary, then it is all the more reason that the entire nation should go dry. So, I would humbly appeal to the Ministry to take this aspect into consideration.

Then there is the talk of corruption. The hon. Minister was kind enough to

[Shri A. S. Alva]

state that unnecessarily we are making allegations. It is true that wild allegations are made. At the same time, after the establishment of a special department the work is being done very effectively and officers, without any consideration of rank or other considerations, are brought to justice speedily. In this connection I would submit that there is one aspect which the Ministry has to consider. Sometimes it so happens that officers who are brought to book are tried before a court in the first instance. We know that before a court of law the only consideration is the evidence that is placed before it Though we feel morally certain that a man is corrupt, very often for want of confidence we see persons being acquitted. Then when it comes to the question of departmental enquiry it is said that he has been acquitted by a court and the facts are final and no action is necessary. This also is depressing. I would submit that in such cases where it is not possible to get evidence for a conviction, it is better that the parties are tried departmentally.

I generally welcome the work that has been done by the Home Ministry I hope that they will bear in mind these things in future.

श्री पालीवाल (हिंडौन) : उपाध्यक्ष महोदय . . . .

श्रीमती लक्ष्मीबाई : कई बातें हैं जिन पर कि हम प्रकाश डालना चाहते हैं। चिल्ड्रेंस ऐक्ट और वीमेन ऐक्ट अलग अलग हैं। इन पर मैं बोलना चाहती हूं लेकिन अभी तक मुझे समय नहीं दिया जा रहा है . . . .

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. She must resume her seat.

श्री पालीवाल : उपाध्यक्ष महोदय, संयोग की बात है कि जितना मैं ने कहने को सोचा था उस मे से बहुत कुछ दूसरे माननीय सदस्य कह चुके हैं। विशेषतः राजस्थान से मेरे साथी श्री हरिश्चन्द्र माथुर ने करीब करीब उन्हीं सब विषयों पर अपना विचार प्रकट किया है जिन पर कि मैं बोलने की सोच रहा था। इस बारे में मैं उन से बिलकुल सहमत हूं कि गृह मंत्रालय का कार्यक्षेत्र बहुत विस्तृत है और देश के प्रशासन का कोई ऐसा अंग न होगा जिस में कि गृह मंत्रालय का किसी न किसी रूप में कुछ दखल न हो। आज की स्थिति में मैं समझता हूं कि गृह मंत्रालय का दायित्व बहुत ऊंचा हो गया है, बहुत भारी हो गया है। यह मैं केवल भाषण के तौर पर नहीं कह रहा हूं। मैं यह अनुभव करता हूं कि देश के स्वतंत्र होने के बाद से आज तक अब से पहले किसी भी समय मे देश के सम्मुख इतना बड़ा खतरा नहीं था जितना कि आज है, बाहरी खतरे और अंदरूनी खतरे भी। अब बाहर का खतरा तो स्पष्ट है ही। उन को हम सब मानते हैं। हमारे दो पड़ोसी राष्ट्र हमारे देश के प्रति आक्रमणात्मक कार्यवाही कर रहे हैं और हम अभी तक उसका सफल प्रतिकार कर पाये हैं। मुझे यह आशा है और विश्वास भी है कि वह समय दूर नहीं जब हम वह प्रतिकार कर सकेंगे।

जहां तक बाहरी खतरों का संबंध है सुरक्षा विभाग उस सम्बन्ध में अपनी तैयारी हमा खयाल से कर रहा है और कर चुका है और समय आयेगा जब उसका फल हमारे सामने आयेगा। लेकिन देश के सामने एक अंदरूनी खतरा भी है जोकि बाहरी खतरों से कम गम्भीर नहीं है बल्कि उन से अधिक गम्भीर है। देश मे राष्ट्रीयता की पुष्टि के लिए जिन तत्वों पर सफल होने की आवश्यकता है, जिन प्रवत्तियों के सफल होने की आवश्यकता है, दुर्भाग्य से उनके प्रतिकूल प्रवत्तियां आज सबल होती जा रही हैं। एकता के स्थान पर विच्छिन्नताओं की प्रवत्तियां आगे बढ़ रही हैं। देश के नैतिक धरातल को ऊंचा उठाने के स्थान पर हम देख यह रहे हैं कि स्वतंत्रता

प्राप्ति के पश्चात् से नैतिक धरातल नीचे गिरता जा रहा है । यह एक बहुत गम्भीर बात है । कोई भी देश जिसके कि राष्ट्रीय जीवन में अन्दूरनी एकता की कमी होती जा रही हो जिसके कि सामाजिक जीवन में सार्वजनिक जीवन में अथवा प्रशासन में नैतिकता कमजोर होती जा रही हो वह देश बाहरी खतरों से मुकाबला करने के लिए उतना सक्षम नहीं हो सकता है जितना वह देश कर सकता है जिसकी कि नैतिकता और एकता दिनों दिन सबल होती जा रही हो ।

देश मे एकता की राष्ट्रीय भावना को सबल बनाने और सार्वजनिक जीवन तथा प्रशासन को नैतिक दृष्टि मे ऊंचा उठाने का सब से अधिक दायित्व गृह मंत्रालय का है । इसलिए गृह मंत्रालय का दायित्व और उस का कार्य-क्षेत्र बहुत ही गम्भीर और महत्वपूर्ण है । मैं यह मानता हूं कि देश में आज जो विच्छिन्नता की प्रवत्तियां बढ़ रही हैं, उन को मजबती से दबाना चाहिए और उन के साथ कोई लीनि-एन्सी या नर्मी नहीं बरतनी चाहिए ।

16 hrs.

प्रश्न यह है कि क्या देश को आगे संसार में अपने पैरों पर खड़े रहना है या नहीं । मुझे इस में कोई सन्देह नहीं है कि यह देश खड़ा रहेगा और इस की स्वतंत्रता को कोई धक्का नहीं लग सकता, लेकिन उस से बड़ा एक प्रश्न यह है कि यह देश संसार के सामने स्वतंत्र देश की हैसियत से तो विद्यमान रहेगा, लेकिन प्रजातंत्रात्मक देश की हैसियत से खड़ा रहेगा या नहीं । प्रश्न यह है कि जो खतरे हमारे सामने आ रहे हैं—चाहे वे बाहरी हों और चाहे अन्दरूनी—क्या हम प्रजातंत्रात्मक सेट अप या ढांचे में रहते हुए, प्रजातंत्र के अनुसार चलते हुए, उन का मुकाबला कर सकते हैं या नहीं । मैं मानता हूं कि हम कर सकते हैं यदि हम समय की गति को पहचानें और समय रहते काम करना सीख लें ।

मैं समझता हूं कि प्रजातंत्र के—कभी कभी शब्द नहीं मिलते—केवल फ़ार्म पर न जा कर हमें उस के वास्तविक तत्व की ओर जाना चाहिए और इस दृष्टि से यदि इन प्रवृत्तियों का मुकाबला करने के लिए, इन प्रवृत्तियों को रोकने और दबाने के लिए हमें अपने संविधान में कुछ परिवर्तन करने आवश्यक हों, तो वे अवश्य करने चाहिए ।

यहां बात आती है स्टेट्स की आटानोमी की । अभी कल जब एक ओर श्रीमती रेणुका रे ने कुछ अखिल भारतीय सर्विसिज के निर्माण का स्वागत किया, तो दूसरी ओर एक माननीय मित्र ने यह एतराज किया कि ऐसी सर्विसिज अधिक बढ़ाने से स्टेट्स की आटानोमी को आघात पहुंचेगा । मेरा नम्र निवेदन है कि फेडरल आइडिया का बहुत लोगों को खयाल है, लेकिन मेरे खयाल से फ़ेडरल संविधान वास्तव में कोई संघ या फ़ेडेरेशन का संविधान नहीं है और उस तरह की आटानोमी, जिस को एब्सोल्यूट आटानोमी कह सकते हैं, आज भी नहीं है । क्या हम प्रति-दिन यह नहीं देखते कि इस सदन में प्रश्न किये जाते हैं उन विषयों पर, जो वास्तव में स्टेट्स के विषय हैं, और किसी भी दिन केन्द्रीय सरकार ने उन विषयों के बारे में उत्तर देने से, उन के बारे में सफ़ाई देने से इन्कार नहीं किया, अपनी ज़िम्मेदारी से कभी इन्कार नहीं किया ?

Shri K. C. Sharma (Sardhana): It is a Union of States.

Shri Paliwal: Yes, that is what I was driving at.

जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, हमारा देश फ़ेडरेशन नहीं, बल्कि एक यूनियन है । जहां तक फ़ेडेरेशन का सम्बन्ध है, पहले कुछ स्वतंत्र राज्य होते हैं, जो अपनी सत्ता का कुछ अंश केन्द्रीय संघ को सौंप देते हैं, लेकिन हिन्दुस्तान का संविधान बनने से पहले ऐसी कोई स्टेट्स नहीं थीं, बल्कि एक यूनिटरी फ़ार्म आफ़ गवर्नमेंट थी, जो कि एक विदेशी

[श्री पालीवाल]

गवर्नमेंट थी, और उस से हम ने टेक ओवर किया और अपना नया संविधान बनाया ।

इस सम्बन्ध में विस्तत विवरण में न जाते हुए मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि इस समय जो खतरे हमारे सामने हैं, उन का यदि पूरी तरह से मुकाबला करना है, तो हम को मजबूती से, दृढ़ता से काम करना होगा और उस काम करने में यदि संविधान की कोई कठिनाइयां आती हों, तो उन कठिनाइयों को दूर करने में हम को हिचकना नहीं चाहिए और प्रशासन को अधिक शक्तिशाली, अधिक सक्षम, बनाने में चूकना नहीं चाहिए ।

इस देश में हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मनिपुर आदि जो कुछ छोटे छोटे हिस्से हैं, यहां पर उन के लिए पूरे प्रान्तीय स्वशासन की, फुल रेस्पांसीबल गवर्नमेंट की, मांग की जाती है । यह सचमुच एक हंसी की बात मालूम होती है । शायद कुछ मित्रों को यह बात अच्छी न लगे, लेकिन मैं इस बारे में गृह मंत्री महोदय से पूर्णतया सहमत हूं । छोटे छोटे हिस्सों की अलग अलग स्टेट्स बना कर, ऐसे छोटे छोटे प्रदेश बना कर, जिन से बड़े जिले दूसरे प्रदेशों में मौजूद हैं, क्या हम ने इस देश को बाजीगर का खिलौना बनाना है ? जिन स्टेट्स को बनाने की मांग की जाती है, वह लक्स्युरी उन के बल बूते पर चलने वाली नहीं है, यह वे लोग स्वयं भी जानते हैं । उस के लिए खर्चा आना चाहिए सेंटर से और सेंटर में वह रुपया आयेगा देश के दूसरे भागों के करदाताओं से । एसी स्टेट्स तो खिलौना मात्र होंगी ।

मैं राजस्थान से आता हूं, जो कि उन्नीस राज्यों को मिला कर बनाया गया है । यदि उस दृष्टि से देखा जाय, जिस दृष्टि से कुछ लोग देखते हैं, तो आज भी राजस्थान में कम से कम चार भाग एसे हैं, जिनकी भाषा करीब करीब अलग है, रहन-सहन और भौगोलिक विशिष्टता, जियोग्राफिकल फ़ीचर्ज, भी अलग अलग हैं, लेकिन एसा होते हुए भी अगर कोई आवाज उठाए कि कि राजस्थान के अलग अलग हिस्से होने चाहियें, तो मैं पहला आदमी हूंगा, जो कि इस बात का विरोध करेगा ।

16.05 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

राजस्थान में कुछ मित्रों ने कई दफ़ा राजस्थानी भाषा की बात कही है । मैंने उस राजस्थानी भाषा का हमेशा ही विरोध किया है—इस दृष्टि से कि राजस्थानी भाषा कोई अलग भाषा नहीं है, बल्कि असल में वह हिन्दी की एक डायलैक्ट है । इस दृष्टि से मैं हिन्दी का समर्थक हूं, लेकिन फिर भी—यह विषयान्तर होगा—मैं यह ज़रूर मानता हूं कि हिन्दी के भक्त हमारे साथियों ने हिन्दी के प्रश्न को जिस रूप में उठाया है, जिस रूप में उसको आगे बढ़ाया जा रहा है, एसा लगता है कि उससे दूसरे प्रान्तों में एक प्रकार की अरुचि और थोड़ी कटुता सी बढ़ती जा रही है । भाषा आखिर क्या है ? भाषा अपने आप में कोई चीज़ नहीं है । भाषा मनुष्यों में एक दूसरे के विचारों को आदान-प्रदान करने का एक साधनमात्र है । **इट इज एब्हीकल आफ थाट ओन्ली ।** उस दृष्टि से भाषा के विषय में एक बड़ी भारी भक्ति, भाषा के क्षत्र में एक शाविनिज्म की प्रवृत्ति हम को राष्ट्रीय एकता को दृढ़ करने में मदद नहीं करेगी । उल्टे उससे थोड़ी कठिनाई पैदा होगी । उससे हम उस भाषा की सेवा भी नहीं करेंगे ।

मैंने अभी कल परसों कुछ आंकड़े जानने की कोशिश की, तो मालूम यह हुआ कि पहली लोकसभा में जितने सदस्यों ने हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा दूसरी भाषाओं में शपथ ली, उससे कहीं अधिक संख्या में दूसरी लोक सभा में ली । हम चाहते हैं तो यह हैं कि अंग्रजी के स्थान पर हिन्दी आ जाय । आज या अब से पहले तक अंग्रेजी एसी भाषा रही है जिसके

आधार पर इस देश के भिन्न भिन्न प्रान्तों में एक दूसरे से विचारों का आदान प्रदान हो सकता था। हम चाहते यह हैं कि अंग्रेजी पूर्णतया खत्म करने से पहले हिन्दी वह स्थान ले ले, और हिन्दी का जब तक वह स्थान नहीं लेती है तब तक अंग्रेजी को रखना अनिवार्य मालूम होता ही है। इसलिय अगर स्वाभाविक दृष्टि से देखा जाये तो पता चलेगा कि अधिकतर लोगों ने पहली लोकसभा में या तो हिन्दी में शपथ ली या अंग्रेजी में। इसके अलावा जो दूसरी भाषायें हैं उनमें थोड़ से लोगों ने, ९, १० या १५ लोगों ने, शपथ ली थी। जब दूसरी लोकसभा आई तो उसमें पहली लोकसभा की अपेक्षा कहीं अधिक लोगों ने देश की दूसरी प्रादेशिक भाषाओं में शपथ ली, और इस तीसरी लोकसभा में वह संख्या और भी ज्यादा बढ़ गई है। इसका अर्थ मैं केवल एक ही समझता हूं कि हिन्दी के ऊपर जिस रूप से जोर दिया जा रहा है उससे दूसरे लोगों में एक प्रकार का रिएक्शन पैदा हो रहा है और हिन्दी भाषा भाशी जिस प्रकार हिन्दी प्रेम का प्रदर्शन करना चाहते हैं उस रिएक्शन के जवाब में दूसरे लोग अपनी भाषा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, यद्यपि वे अपने काम काज में प्रायः इंग्लिश का व्यवहार करते हैं। इस तरीके की प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन देने की अपेक्षा यह ज्यादा सही होगा कि हम कुछ दिन इन्तजार करें। मेरी एप्रोच इसमें यह होगी कि यदि हमें कुछ दिन प्रतीक्षा करनी पड़े और जब तक हिन्दी स्वाभाविक रूप से लोगों की सहमति से वह स्थान न ग्रहण कर ले तब तक उस पर इतना जोर देकर, दबाव डाल कर एसी भावनायें पैदा होने का अवसर हमें नहीं देना चाहिये जिनके कारण एक प्रकार की कटुता आती है। इस विषय पर इतना कहने के बाद मैं केवल एक बात और कहूंगा।

अध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य को खतम करना चाहिय।

श्री पालीवाल : अच्छी बात है।

श्री गुलशन (भटिंडा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, गृह मन्त्रालय पर चर्चा चल रही है। मैं समझता हूं कि यह वह विभाग है जिसको देश की मां कहा जाये तो वह कुछ गलत नहीं होगा। मां का फर्ज है कि वह देख कि हमारे गृह का जो परिवार है उससे सभी सन्तुष्ट हों। उन को सन्तुष्ट रखने के लिये उसके सभी प्रबन्ध अच्छ हों, वह मुकम्मिल हों। उस को देखना चाहिय कि कोई अशान्ति तो नहीं फैली है। इस बात को देखना गृह मन्त्रालय का काम है। देश में शान्ति का बनाय रखना तो उसी मां का काम है जो कि अच्छी मां है। मैं समझता हूं कि देश की शान्ति के लिये देखना ही पड़ेगा कि देश रूपी इस घर में रहने वाले जो मेम्बर हैं वह छोट हों या बड़े हों, सभी सन्तुष्ट हैं या नहीं। अगर सभी सन्तुष्ट हैं तो मां अच्छी है, सबसे एक सा प्यार करती है और सभी मेम्बरों को मां के साथ प्यार होता है। मैंने देखा है कि बहुत कुछ कहा जा रहा है और जो चित्र या नक्शा हमारे सामने है उसको देख कर कभी कभी तो दिल एसा झूम उठता है कि गृह मन्त्री जी को श्रवण की तरह से एक बहंगी मे उठा लूं और कन्धों पर उठा कर तीर्थ तीर्थ घूमता फिरूं और वह धुन अलापता फिरूं जो कभी कभी एक फिल्म में सुनी जाती थी। वह क्या थी? "नगरी नगरी द्वारे द्वारे"। हमारे गृह मन्त्रालय की जो रिपोर्ट है वही उठा कर ले जाऊं। पहले दिल्ली की गलियों में, जो कि हिन्दुस्तान का दिल है, ले जाऊं। उस बस्ती में ले जाऊं जहां के लोगों के लिये इस रिपोर्ट में बहुत चर्चा होती है। जब वह हरिजन बहनें, वह देवियां मल मूत्र को उठा कर अपने सिर पर ले जाती हैं तो जितने विदेशी राजदूत देखते होंगे वे अपने मन में क्या कहते होंगे? यह एक नक्शा है, एक चित्र है। बहुत खूब है। लेकिन उस औरत के वेश में एक शोखरा नाच रहा है।

इसी तरह मैंने देखा है कि पिछले सालों में ला एण्ड आर्डर के मुताल्लिक बहुत कुछ हुआ है। मगर साथ ही मेरे सामने दिल्ली

[श्री गुलशन]

चांदनी चौक का १२ जून १९६० का नक्शा भी है । मैं कन्धों पर वह खून के छींटे देख रहा हूं । जबलपुर, अलीगढ़ का भी नक्शा हमारे सामने है । तो देखना यह है कि उन जगहों पर जो बेटे मारे गये उन को देख कर मां शान्त है या अशान्त है, लोगों की भावना जो है वह शान्ति की तरफ बढ़ रही है या अशान्ति की तरफ बढ़ रही है । कहा गया कि हरिजनों के लिये बहुत कुछ किया गया । लेकिन हमारे सामने नक्शा है बेरोजगारी का कि जब हम देखते हैं किहरिजनों की झोंपड़ियों, उनके वह टूटे फूटे घर, जो आज से सदियों पहले के हैं, उनका रहन सहन, बदला है या नहीं । मैं यह मान सकता हूं कि जो हमारी लोकसभा है या जो हमारी विधान सभायें हैं, उन मे कहीं कहीं हमारे भाई बैठे दिखाई देते हैं, उन के पास साफ सुथरे कपड़े भी हैं । उन में से कुछ को देख कर अगर हम यह अन्दाजा लगा लें कि यह तो सभी देवता बन गये हैं, और उन की जो हालत है वह सुधर गई है, तो एक अचम्भे की बात है । वह लोग जो झोंपड़ियों में रहते हैं, चाहे हमारी करनाल रोड पर या रोहतक रोड पर, उन गांवों की हालत ऐसी है कि वे अभी तक नीले अम्बर के नीचे रात मे सोते हैं, पेट के लिये उन के पास अन्न नहीं और तन पर कपड़ा नहीं । सुबह उठ कर कहीं जायें, कहीं मजदूरी करें, उसकी भी जगह नहीं ।

मैं पहली दफा इस उच्च लोकसभा में एक लंगड़ी सी हिन्दुस्तानी मे बोल रहा हूं ।

कुछ माननीय सदस्य : नहीं, बहुत अच्छी भाषा है ।

श्री गुलशन : मैं पेप्सू विधान सभा में और पंजाब विधान सभा मे दस सालों से रहा हूं और मुझे पंजाबी में ही बोलने का मुहावरा था और वहां जो बोलते थे उनमें से एक मैं भी था । तो मैंने कुछ मुताला किया । कहा गया है कि भाई हरिजनों के लिये नौकरियां बहुत हैं और उन के लिये सभी सोसाइटियां बना दी ग हैं । तोयीं मैंने कुछ नक्शा देखा है और अभी अभी मैं कुछ आपके सामने बतलाना चाहता हूं । आजकल देश मे सोसाइटियों का जोर है । हरिजनों को भी शौक हुआ कि उनकी भी सोसाइटियां बनें । सरकार ने बहुत कुछ किया । मैंने पंजाब की असेम्बली मे एक सवाल पूछा । उसका उत्तर मुझे मिला कि बहुत कुछ किया गया है । सात कोआपरेटिव ट्रासपोर्ट सोसाइटीज हरिजनों की बनीं हैं । यह सही है कि हरिजनों की सोसाइटियां तो बनी हैं लेकिन वे बिना रूट के फिर रही हैं । उनके लिये रूट कहीं नहीं है ।

इसी तरह से नौकरियों का मामला है । हमें कहा जा रहा है कि भाई नौकरियों में तो हरिजनों को बहुत कुछ दे दिया है । कई दोस्त मुझे यह भी कह देते हैं कि भाई हमें हरिजनों का मुतबन्ना बना लें तो हमे भी खुशी होगी । मैंने एक सवाल पंजाब असेम्बली में पूछा था । उसका उत्तर मुझे मिला । उसका जर मुताला करें । सन् १९५५–५६ के आंकड़े एक मुहकमे के गृह मन्त्रालय की तरफ से दिये गए थे । डी० एस० पी० ५० रखे गए थे उनमें शिड्यूल्ड कास्ट का कोई नहीं है । इसके बाद सन् १९५७–५८ में ६८ डी० एस० पी० रखे गए और ऐसी चालाकी से उत्तर दिया गया कि उनमें से एक शिड्यूल्ड कास्ट और बैकवर्ड क्लासेज का है । अब इसका निर्णय कौन करे कि वह शिड्यूल्ड कास्ट का है या बैकवर्ड क्लास का । इसी तरह से सन् १९५९–६० मे है । ६७ डी० एस० पी० रखे गए उनमें से दो शिड्यूऊा कास्ट और बैकवर्ड क्लासेज के हैं । इसी तरह से मैं आपको बतलाऊं कि जो इंस्पेक्टर रखे गए उनमें १४२ में से कोई हरिजन नहीं, १५९ में कोई हरिजन नहीं, १७८ में केवल एक है, १७६ एक है और १७९ में एक है। इसी तरह से सब इंस्पेक्टर हैं । १९५५-५६ मे ८७४ सब-इंस्पेक्टरों में आठ हिरजन हैं,.....

अध्यक्ष महोदय : यह आप सारे पंजाब असेम्बली के ही बतलायेंगे ?

श्री गुलशन : पंजाब के नहीं, यहां के भी बता दूंगा । मैं ने यहां पर भी एक सवाल पूछा था कि टेलीफोन और डाक तार विभाग में क्लर्कों में हरिजनों की तादाद क्या है । वह भी नक्शा मेरे सामने आया । मेरे सवाल हैं नम्बर १७२५ और नम्बर १६८१ और यह २५ मई के है । इस का मुझे उत्तर मिला । सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस बम्बई में क्लर्क लिये गये १४७, उन में शिड्यूल्ड कास्ट और बैकवर्ड क्लासेज के लिये गये ७, होने चाहियें थे ३०, तो इस तरह २३ कम लिये गये । इसी तरह से सेन्ट्रल टेलीग्राफ आफिस . .

श्री लाल बहादुर शास्त्री : यह १४७ आप किस साल के फिगर दे रहे हैं ?

श्री गुलशन : १९६२ के फिगर दे रहा हूं ।

श्री लाल बहादुर शास्त्री : १९६२ में कितना रिक्रूटमेंट हुआ और उन में कितने हरिजन आये यह बतलाएं ।

श्री गुलशन : मैं सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस, बम्बई की बात कह रहा था । वहां १४७ क्लर्क लिये गये । उन में सात शिड्यूल्ड कास्ट के थे, तीस होने चाहियें थे, २३ कम लिये गये । सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस, मद्रास में रिक्रूटमेंट हुआ २९ का, उस में दो हैं शिड्यूल्ड कास्ट, होने चाहिये ६, चार की कमी है । इसी तरह से सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस, कलकता में २१४ का रिक्रूटमेंट हुआ, दस शिड्यूल्ड कास्ट लिये गये, ४५ होने चाहिये थे, ३५ की कमी है । सेंट्रल टेलीग्राफ आफिस, आगरा में ३० का रिकरूटमेंट हुआ, और दो शिड्यूल्ड कास्ट हैं, ६ चाहियें, चार की कमी है । सेंट्रल टेलीग्राफआफिस नई दिल्ली में जोकि आप के घर में है, यहां पर १५२ का रिकरूटमेंट हुआ । इन में आठ शिड्यूल्ड कास्ट के हैं, ३१ चाहियें थी, २३ की कमी है । टोटल ५७२ का है, उन में सारे ३९ शिड्यूल्ड कास्ट के हैं, जबकि चाहियें थे ११८ ।

जब हम रोजगार के मसले को देखते हैं तो एक और भी बात हमारे सामने आती है कहा गया कि हरिजनों को जमीन भी देंगे और कुछ भी देंगे । अभी तक तो मैं ने आप को पंजाब और सेंटर की बात बतलाई । अब मैं उत्तर प्रदेश में जाना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश में एक इलाका है नैनीताल का जिला । वहां पर पंजाब के किसान भाई जा कर बैठे हैं जिन्होंने जंगल को खोद कर उस धरती को आबाद किया और वह लोग बदकिस्मती से वहां से उजाड़े जा रहे हैं । इन लोगों में सब से ज्यादा गिनती राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बेटे जो हरिजन हैं उन की है । तो कहा जा रहा है कि इन लोगों को बहुत कुछ दिया जा रहा है । मेरे पास उन लोगों की एक बड़ी फाइल पड़ी है । यह नहीं कि सरकार को उन्हों ने कोई दरखास्त नहीं की । बहुत कुछ किया । इश्तिहार भी छापे हैं । मेरे पास उन के पत्र आये हैं, उन्हों ने बताया है कि हम पंजाब के रहने वाले सन् १९४७ के समय यहां आ कर बसे थे । बदकिस्मती है कि हमारे केश और दाढ़ी है इसलिये हम को उजाड़ा जा रहा है । उन्हों ने दरखास्त की । कहा जायेगा कि वह लोग चैन से बैठे हैं उन्हों ने कोई दरखास्त नहीं की या यहां कोई दरखास्त नहीं मिली । उन्हों ने बताया कि हमारी फाइल कहां कहां गये है । वह है फाइल नम्बर १७९ तारीख १३ जनवरी, १९५९ । फिर आगे चल कर उन्हों ने लिखा है कि १५-२० फाइलें हैं जो उन्हों ने वहां की गवर्नमेंट और सेंट्रल गवर्नमेंट को दी हैं । उन की बात को कोई सुनवाई नहीं हुई । तो ऐसी हालत में मैं किस तरह से मान सकता हूं कि हरिजनों के लिये बहुत कुछ हो रहा है ।

[श्री गुलशन]

यह ठीक है कि सेंट्रल सरकार दर्द रखती है । गृह मंत्री या मंत्रालय उन लोगों की कुछ सेवा करना चाहता है । लेकिन मैं ने तो यह तजुरबा किया है कि वह सेवा जो सेंटर करना चाहता है उस का रुपया सूबे में जाते जाते घिस जाता है । और तो क्या कहूं कि हमारे भटिंडा में जोकि सिविल स्टेशन है उस के नजदीक कुछ हरिजनों ने एक कालोनी बनानी थी । उस के लिये स्वयं ढेबर भाई वहां गये थे । उन के हाथों के जरिये वह पत्थर रक्खा गया । सन् १९५५ में उन्हों ने यह पत्थर रक्खा था । अभी कल मैं ने देखा कि आंधी वगैरह से वह पत्थर अपनी जगह से टूटा जा रहा है । हरिजनों के वास्ते कालोनी बननी तो दूर रही वह पत्थर भी जो रक्खा गया था वह भी अपनी जगह से उड़ रहा है और खिसक रहा है । उस पत्थर के ही एक दम गिर जाने का खतरा पैदा हो गया है । कल रात को जब मैं आठ बजे इधर आ रहा था तो मैं ने उस को अपनी जगह से उखड़ा सा देखा था । अब पता नहीं क्या बात है जो वह काम आगे नहीं बढ़ा । अब या तो ढेबर भाई चूंकि कांग्रस प्रेसीडेंट रहे नहीं, इस वजह से यह जो रुपया खर्च करना था वह पुराना हो गया है सेंट्रल गवर्नमेंट ने जो रुपया सूबे की सरकार को हरिजन भलाई के लिये दिया था उस को बगैर खर्च किये वापिस किया गया है हम समझें कि सैंट्रल गवर्नमेंट ने जो रुपया हरिजनों की तरक्की और बेहतरी के वास्ते सूबाई सरकारों को दिया था वह रुपया उन के जरिये खर्च नहीं किया गया । श्री दातार ने इस बारे में हाउस में जो अभी जवाब दिया था उस से साफ नकशा आप के सामने आ जायेगा । सैंट्रल गवर्नमेंट ने पंजाब सरकार को इस काम के लिये २३ लाख ८० हजार रुपया और ३ लाख ९३ हजार की रकम हरिजनों की उन्नति के वास्ते दी थी । उस के बारे में जब यह सवाल किया गया कि वह रुपया पंजाब सरकार द्वारा खर्च किया गया या नहीं तो दातार जी ने जो हाउस में जवाब दिया था वह मेरे पास इस अखबार में दिया हुआ है । उन्हों ने अपने जवाब में हाउस को यह बतलाया था कि पंजाब सरकार वह सारी रकम खर्च नहीं कर पाई है और उस ने बड़ी ईमानदारी से उस रकम को वापिस कर दिया है । कांग्रेस के प्रेसीडेंट पत्थर खाली रख आते हैं लेकिन वह कालोनी नहीं बन पाती है । केन्द्रीय सरकार सूबायी सरकारों को इस काम के लिये जो रुपया देती है वह रुपया भी वापिस आ जाता है । अब पता नहीं उस में पहिया लगा है या गाड़ी में चढ़ कर वह वापिस लौट आता है । मैं इस बात को तसलीम करता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट हरिजनों के उद्धार के लिये काम करना चाहती है लेकिन उस को इस के लिये सूबों की सरकारों पर डिपेंड करना होता है और उन की हालत यह है कि वह इस मामले में कदम नहीं बढ़ाती हैं और ईमानदारी के साथ अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं करती हैं । यह सब देख कर मैं तो इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि दरअसल वह इन हरिजनों को बस इसलिये ही भूख से मरने नहीं देना चाहते और जैसे तैसे जिंदा बनाये रखना चाहते हैं क्योंकि इन्हीं लोगों से तो मजदूरी करवा कर भाखड़ा नहर बनानी है, बंध बांधने हैं, मंदिर और महल बनवाने हैं । अगर यह लोग कहीं भूख से तड़प कर मर गये तो फिर यह फिर सर टोकरियों का बोझ कौन ढोयगा ? इसलिये कोशिश बस इतनी की जाती है कि यह किसी तरह उलटे सीधे जिंदा बने रहें ताकि इन से अपना काम लिया जा सके । अगर इन सदियों से समाज द्वारा सताये हुए लोगों में अकल आ गई और उन्हों ने कहीं हमारी अकल का मुकाबला करना शुरू कर दिया तो गड़बड़ हो जायगी । इसलिये उन को रोटी बस इतनी ही दी जाती है जिस से कि वह किसी तरह जिंदा रह सकें । भूखे उन को इसलिये नहीं

मरने देना चाहते क्योंकि उन से सिरों पर बोझा जो ढुलवाना है । आखिर हमारी बड़े बड़े बांधों और नहरों की योजनाएं उन के बगैर कैसे अमल में आयेंगी ? अब वे हमारे पसमांदा लोग सड़कों के किनारे धरती पर खुले आकाश के नीचे पड़ कर सो जाते हैं न उन को रहने के लिये मकान और कमरे वगैरह की जरूरत है और न ही पंख की जरूरत है । यह वह लोग हैं जोकि आप के बड़े बड़े महल और मंदिर बनाते हैं लेकिन उन के अंदर जाने की उन की आज्ञा नहीं है ।

मैं इस चीज को मानता हूं कि सरकार यह बात कहने लगी है कि हरिजनों को ऊंचा उठाना है और देश की एकता कायम करनी है । मुझे खुशी है कि देश की एकता और खुशहाली के लिये वह राइट लाइंस पर सोच रही है । उन को ऊंचा उठा कर और उन की बेहतरी कर के ही देश की एकता को कायम रक्खा जा सकता है और उस को खुशहाल बनाया जा सकता है । यह उचित ही होगा कि जो लोग किसी प्रकार का टैक्स देते हैं, जो किसी भी शक्ल में सरकार के खजाने में कुछ न कुछ अनुदान देते हैं उन लोगों का भी उन खजाने में कुछ हिस्सा होना चाहिये । उन लाखों गरीब और पसमांदा इंसानों की बेहतरी के वास्ते भी सरकार को रुपया खर्च करना चाहिये । उन लोगों ने भी इस देश के लिये कुर्बानी की है । चाहे वह मुसलमान हों, ईसाई हों, सिक्ख हों अथवा हरिजन हों, कोई भी हों, चाहे वह थोड़ी गिनती में हों या ज्यादा गिनती में हों, उन लोगों को भी राजी करना होगा । उन का भी सहयोग हमें देश को बनाने के लिये लेना होगा । यह कह कर कि वह लोग गद्दार हैं, उन को छोड़ देना और नजरअंदाज करना देश के लार्जर इंटरेस्ट में मुफीद साबित न होगा । क्या देश का ठेका सिर्फ बड़े तबके के लोगों ने और ऊंचे लोगों ने ही लिया है? कम गिनती वाले लोगों को राजी करने की सब से ज्यादा जरूरत है । यह तो मां का काम है । गृह मंत्रालय घर की मां है और इस नाते उसे देखना है कि वह छोटा बच्चा क्यों रो रहा है ? यह कैसे चुप होगा ? एक मां का काम यह नहीं है कि रोते हुए बच्चे का कान पकड़ कर गाल पर थप्पड़ लगा दे । सयानी मां का यह काम नहीं होता है । ऐसा करने से देश की एकता और बहबूदी नहीं हो सकती है । मुझे यह बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि सरकार अभी उस सयानी मां का फर्ज पूरी तरह से अदा नहीं कर पा रही है ।

हरिजनों की बेहतरी के लिए दो योजनायें निकल चुकी हैं । यह तीसरी योजना है । पंजाब के एक मिनिस्टर ने अभी एक बयान दिया है जोकि पंजाबी प्रेस में आया है और दूसरे प्रेसेज में भी आया है कि हरिजनों की रक्षा करना हमारा धर्म है । उन्हों ने बतलाया है कि पंजाब में ४० लाख लोग हरिजन हैं और ८ लाख हरिजन परिवार हैं । उन्हों ने बतलाया है कि ७ लाख परिवार ऐसे हैं जिन के कि पास रहने के लिये झोंपड़ा भी नहीं है । पेट भरने के लिये उन के पास अनाज मयस्सर नहीं है और उन की हालत बहुत ही खराब है । आगे चल कर उन्हों ने बतलाया है कि हमारे पास इतने साधन नहीं हैं जिन के कि जरिये इन लोगों को इतनी जल्दी ऊंचे ले जाया जाय । इसलिये मैं गृह मंत्री महोदय से आपकी मार्फत यह निवेदन करूंगा कि आप देश की उन्नति के लिये हरिजनों को और अन्य अल्पसंख्यकों को जो ऊंचा उठाना चाहते हैं तो उसके लिए आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि जितनी भी रकम आप उसके लिए मुबायी सरकारों को देते हैं वह सारी की सारी रकम उनकी बेहतरी के कामों पर खर्च की जाय और वह बगैर खर्च किये वापिस न लौटा दी जाय । यह ध्यान भारत सरकार को रखना होगा कि साल के खात्मे पर वह रकम कहीं वापिस मुड़ कर दिल्ली की सैर तो नहीं कर

[श्री गुलशन]

रही है ? मुझे इस बात की खुशी है कि सरकार कुछ न कुछ इस के लिए कर रही है लेकिन जितना करना चाहिए वह नहीं किया जा रहा है । समाज ने जिस अंग को पिछली कई सदियों से अपने पैरों के नीचे दबा कर रक्खा हुआ है उनको जल्द से जल्द ऊपर उठाया जाय । खास तौर पर उनके लिए ऐसी योजनाएं बनाई जायं ताकि जिस धीमी रफ्तार से उनकी बेहतरी का काम चल रहा है उसमें तेजी आये । इसके साथ ही एक बहुत बड़ी गिनती वाले लोग जो कि तकरीबन ८ करोड़, १० लाख और ५० हजार के करीब इस देश में बसते हैं और जो कि सदियों से पस्त हालत में पड़े हुए हैं उनको दूसरों के बराबर लाने के लिए अमली कदम उठाये जायें । हमारे गृह मंत्री जी मैं समझता हूं कि उन लोगों को ऊंचा उठाने की इच्छा रखते हैं, उनके प्रति एक श्रद्धा का भाव रखते हैं तो उनको इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि जो रकम हरिजनों के वास्ते रक्खी जाय वह सही तौर पर पूरी की पूरी उन पर खर्च की जाये । हरिजनों और अन्य अल्पसंख्यकों के वास्ते नौकरियों में जो आपने रिजर्वेशन रक्खा है और कोटा रक्खा है उसको बाकायदा फिलअप किया जाय और यह न हो कि वह कोटा महज कागजों तक ही महदूद रह जाय । छोटे छोटे गांवों को मिला कर समितियां बनायें जिनके कि जरिये हरिजनों का अपलिफ्ट का काम किया जाय और उनको वहां पर छोटे मोटे धंधे सुलभ किये जायें ।

मेरा सजेस्शन यह है कि अगर इन लोगों को पीने के लिए पानी और रहने के लिए मकान मुहैया करना है, तो यह जरूरी है कि इन का रोटी-रोजगार का मसला सब से पहले हल किया जाये । इस की वजह यह है कि जिस को रोजगार मिल जाता है, वह रहने के लिए मकान भी बना लेता है, कुआं भी खोद लेता है और बावली भी बना लेता है । रोजगार का मसला हल करना सब से जरूरी है ।

स्पीकर साहब, मैं आप को धन्यवाद देता हूं ।

Mr. Speaker: This morning, hon. Members had desired that the time might be extended by two hours, and the House had agreed to that, but because the programme is so tight and we have cancelled our sittings after the 22nd, we have to find time in the interval that we have got. I hope the Members will not have any objection to our continuing till 6.30 today because we shall require that time if we want the allotted time.

श्री गणपति राम (मछली शहर) : अध्यक्ष महोदय, कई बार मैं ने कोशिश की है । कल भी मैं ने नाम दिया था । मैं इस सेशन में एक बार भी नहीं बोल पाया हूं । आखिर क्या बात है कि मुझे एक बार भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है ?

अध्यक्ष महोदय : टाइम तो मैं मेम्बर साहबान को ही दे रहा हूं । मैं खुद तो नहीं ले रहा हूं । मैं क्या कर सकता हूं ? मैं ने मेम्बर साहबान में ही सारा वक्त तक्सीम करना है । माननीय सदस्य नोट करें, शायद उन की बारी आ जाये ।

श्री गणपति राम : दूसरों को दो दो बार मौका मिला है, लेकिन हम को एक बार भी मौका नहीं मिला है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य दूसरों के बारे में न कहें । अपोजीशन के लिए अलाहिदा वक्त है और माननीय सदस्य के लिए अलाहिदा वक्त है । माननीय सदस्य को मिनिस्टर साहब के साथ शरीक होना है । मिनिस्टर साहब ने उन के वक्त में ही बोलना है ।

श्री लहरी सिंह ।

श्री लहरी सिंह (रोहतक) : स्पीकर साहब, माननीय मंत्री, श्री दातार, को स्पीच

सुन कर और खर्च के जो अन्दाजे बताये गये हैं, उन से तो यह यकीन आ जाता है कि सब ठीक हो रहा है । मैं मंत्री साहब का ध्यान कोई तुक्तावोनी के तौर पर नहीं–सीमा की रक्षा की तरफ दिलाना चाहता हूं । हमारे देश की सीमा पर चीन और पाकिस्तान हैं, जिन से आज हमारी सख्त दुश्मनी है और जिन की हर वक्त कोशिश यह है कि किसी न किसी शक्ल में हमा मुल्क को नीचा दिखाया जाये । इस लिये सीमा का सवाल, जो कि कोई मामूली सवाल नहीं है, स्टेट्स पर छोड़ देना कि स्टेट्स उस का मुनासिब इन्तजाम करेगी, ठीक नहीं है । मैं चाहता हूं कि जब तक अमन कायम न हो जा और हम चीन और पाकिस्तान से निपट न लें, तब तक सीमा का सवाल सैंटर को खुद अपने हाथ में ले लेना चाहिये ।

जहां तक सीमा के पंजाब के हिस्से का ताल्लुक है, वहां इतना ज्यादा खतरा नहीं हो सकता । वहां कोई बड़ी समस्या भी नहीं है । लेकिन आसाम और वैस्ट बंगाल के बार्डर पर, जहां चीन के आदमियों के आने का अन्देशा है, ज्यादा से ज्यादा मजबूती की जरूरत है । मैं यह नहीं कहता कि वे लोग वहां पर बम जायेंगे, लेकिन वे जासूस की शक्ल में यहां आ कर मुल्क की स्कीम्ज और भेदों को ले जाते हैं, जिस की वजह से लड़ाई की सूरत में मुल्क को बड़ी हानि हो सकती है । आज हम देखते हैं कि चीन कदम कदम पर बदमाशी कर रहा है, हमला करना चाहता है और एन्क्रोचमेंट कर रहा है और यही हालत पाकिस्तान की है । जब तक इन दोनों से निपट न लिया जाये, तबतक बार्डर के क्वेस्टियन को स्टेट्स को दे देना ठीक नहीं है ।

मिनिस्ट्री की रिपोर्ट में बार्डर के सवाल के बबारे में एक अजीब सी बात लिखी गई है । उस में सफहा २७ पर दर्ज है कि अखबारों में रिपोर्ट्स निकली है कि ईस्ट पाकिस्तान से काफी तादाद में आदमी आसाम में आ कर बस गये हैं और उसको तहकीकात की जा रही है । मैं समझता हूं कि होम मिनिस्ट्री या उस स्टेट का फर्ज था कि वे साफ कहें कि यह गलत खबर है, लेकिन यह नहीं कहा गया । यह कहा गया है कि उस की जांच-पड़ताल कराई जायगी । क्या आज हमारा मुल्क सीमा के सवाल पर जांच-पड़ताल की इन्तजार करे ? गवर्नमेंट को साफ तौर पर यह कहना चाहिए था कि यह खबर गलत है और इस में कोई सच्चाई नहीं है, लेकिन इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बात हम को सैन्सस से मालूम हुई है और इस की जांच-पड़ताल की जायेगी । मैं कहना चाहता हूं कि अगर हमारा इन्तजाम ठीक है तो हम सैन्सस पर क्यों यकीन करें? हम कह दें कि हमारी सीमा का इन्तजाम ठीक था और इस में कोई दखल नहीं दिया गया है, कोई आदमी हमारे मुल्क में नहीं आया है। मैं कहना चाहता हूं कि आज जब कि कदम कदम पर मुल्क की हिफाजत का सवाल है, लोगों में बेचैनी है और वे डरते हैं कि हमारी सीमा की सुरक्षा मजबूत नहीं और स्टेट्स उस का ठीक इन्तजाम नहीं कर सकती हैं । ऐसी हालत में मैं मिनिस्टर साहब की तवज्जह इस तरफ दिलाना चाहता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि वह इस बारे में जल्दी कार्यवाही करेंगे ।

सीमा की हिफाजत के अलावा देश के ला एंड आर्डर का सवाल भी बड़ा अहम है । गवर्नमेंट इस बात की तसल्ली रखे कि देश भर में ला एंड आर्डर की पोजीशन ठीक है । मिसाल के तौर पर आप पहले दिल्ली को लीजिये । आज दिल्ली में क्या हो रहा है ? क्रैकर्ज के एक्सप्लोजन हो रहे हैं, पटाखे फट रहे हैं । यह कहना बिल्कुल गलत है कि उन का सुराग लगाना और उन के बारे में मालूम करना मुश्किल है । हमारा इतना भारी मुल्क है, गवर्नमेंट के पास इतने ज्यादा वसीले हैं, इतनी ज्यादा पुलिस और इतना ज्यादा इन्तजाम है, लेकिन इस के बावजूद दो तीन सालों से

[श्री लहरी सिंह]

इस किस्म के वाकयात हो रहे हैं और उन को रोकने का कोई इन्तजाम नहीं हो पाता है, हालांकि इस बारे में यह शुबहा है कि यह बाहर के मुल्कों का काम है । मैं समझता हूं कि न अंग्रेज इस बात को बर्दाश्त करते और न ही कोई दूसरा मुल्क इस बात को बर्दाश्त करेगा कि मुल्क की राजधानी में, जहां प्राइम मिनिस्टर और होम मिनिस्टर बैठते हों, पटाखे चलते रहें और एक न एक दिन इस तरह का तमाशा होता रहे और उस का कोई इन्तजाम न किया जाये । इन हालात के बावजूद गवर्नमेंट की तरफ़ से कहा जाता है कि ला एंड आर्डर की पोजीशन ठीक है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि ठीक नहीं है । मुल्क की राजधानी में लगातार क्रैकर्ज के एक्सप्लोज़न्ज होते रहना हमारी कमजोरी और हमारी मिसमैनेजमेंट को जाहिर करता है, यह जाहिर करता है कि हम ठीक तौर पर इन्तजाम नहीं कर रहे हैं ।

और सूबों में जो भी हालत हो, माननीय मंत्री, श्री दातार, ने दिल्ली में क्राइम की पोजीशन के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि यहां पर ६८ परसेंट क्राइम केसिज अनट्रेस्ड होते हैं, जिस के बारे में २४ मई, १९६२ के **हिन्दुस्तान टाइम्ज** में यह हैडिंग दिया गया : "६८ परसेंट आफ़ क्राइम केसिज अनट्रेस्ड लास्ट यीअर" । मुल्क की राजधानी हो, कदम कदम पर इतनी पुलिस हो और फिर भी ६८ परसेंट क्राइम केसिज अनट्रेस्ड रहें, यह बड़ी हैरानी की बात है ।

मैं आप की इजाजत से मिनिस्टर साहब के जवाब को, जो कि इस अखबार में छपा, यहां पर पढ़ना चाहता हूं :—

"The number of cases of crime registered in the Capital in 1960 was 6,542 of which 1,253 cases detected. The number untraced was 5,289.

During 1961, 6,980 cases were registered. Of these 1,114 were detected, 4,782 remained untraced.."

इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि और स्टेट्स की इस बारे में हालत क्या होगी । यह कोई ऐसा बड़ा शहर नहीं है कि इस का मुकाबला बम्बई, कलकत्ता या लन्दन वगैरह से किया जाये । इस में तो बहुत सा हिस्सा आफ़िशल्ज से घिरा हुआ है और बाकी सब्जी मंडी वगैरह हैं । ऐसे शहर में ६८ परसेंट केसिज अनट्रेस्ड हों और फिर भी कहा जाये कि ला एंड आर्डर की पोज़ीशन बड़ी शानदार है । मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब इन लफ्जों को कड़वा न समझें, लेकिन मैं उन को बताना चाहता हूं कि आस-पास के देहात के इलाके का जितना गुंडा एलिमेंट है, वह सब दिल्ली में आ रहा है और दिल्ली में प्रोटेक्शन ले रहा है । मैं ने इस बारे में एक पुलिस आफ़िसर से पूछा कि इस की वजह क्या है । रोहतक में हम ने इतना स्ट्रांग पुलिस एक्शन लिया कि जब कि पहले वहां रोज मर्डर होते थे, अब एक भी मर्डर नहीं होता है । कहने लगे कि यह वजह है कि एक आदमी भी उन गुण्डों के डर की वजह से गवाही देने के लिये तैयार नहीं है । चार, पांच रोज हुए एक संगीन केस में एक गवाह के ऊपर अदालत के कम्पाउंड के अन्दर तेजाब डाल दिया गया, जला दिया गया जिससे थानेदार पर वह पड़ गया । आप तहकीकात करें । मिनिस्टर साहब मालूम करें आई० जी० और डी० आई० जी० से कि गवाह क्यों अनट्रेस्ड हैं । थानेदार वगैरह डरते हैं, गवाह डरते हैं, गुंडा एलिमेंट इतनी तेजी पर है । अक्सर कहा जाता है कि जब दिल्ली शहर में, जो कि राजधानी है, गवाह न मिलें और मुजरिम अनट्रेस्ड रहें, तो क्या यह ला एण्ड आर्डर पोजीशन ठीक है ? कुछ भी ठीक नहीं है । मैं छोटी छोटी बातों में पड़ने वाला नहीं हूं, लेकिन मजबूर हो जाता हूं ।

यहां पर देहातों में कितने ही डकायटी केसेज देश भर में चलते हैं । मामूली सा सवाल है और आसानी से हल हो सकता है । यह बात

नहीं है कि दस सिपाही थाने में हैं वे सब काम पूरा कर लेंगे । देहातों में जमींदार हैं, काश्तकार हैं, हरिजन हैं, जो जिन्दा रह सकते हैं, लड़ सकते हैं । डाकुओं के पास पिस्तौलें हैं, बन्दूकें हैं, स्टेनगनें हैं । हमारी गवर्नमेंट ने आर्म्स ऐक्ट सन् १९५९ में पास किया और कहा था कि वह आर्म्स देने में लिबरल होगी, आर्म्स देगी ताकि हम अपनी कन्ट्री की हिफाजत खुद कर सकें । लेकिन आज देहात के अन्दर एक आदमी के पास भी पिस्तौल और बन्दूक नहीं है । उनके लिये लाइसेंस न देने की जैसे सरकार ने कसम उठा ली है । अंग्रेजों के वक्त में कोटा बंधा हुआ था । मैंने डिप्टी कमिश्नर से कहा कि डाके पड़ रहे हैं तो कहने लगे कि हमारी यह मुश्किल है कि वही अंग्रेजों के वक्त के कोटे बने हैं और हम उतनी ही बन्दूक और पिस्तौल दे सकते हैं । मैं ने कहा कि आर्म्स ऐक्ट तो है । तो कहा कि कोई हिदायत सेंट्रल गवर्नमेंट से नहीं है । मैं बहुत अदब से अर्ज करूंगा कि आप को जरूरत नहीं है डाकुओं से बचाने की । आप मेहरबानी करके गुण्डा एलिमेंट को छोड़ कर, उन लोगों को छोड़ कर जिन के बारे में आपको यकीन हो, आप के अफसरों को यकीन हो, कि वह गन्दे लोग हैं, बाकी पब्लिक के लोगों में से जो लेना चाहें, उन को आप आर्म्स दे दें, फायर आर्म्स दे दें, उसके बाद अगर आप के पास हिन्दुस्तान के किसी हिस्से से भी रिपोर्ट आये, चाहे मध्य प्रदेश से या किसी और स्टेट से, तो कहियेगा । एक भी रिपोर्ट डाके की नहीं आयेगी । अगर कहीं पर एक डाकू आ जायेगा तो उसके साथ लड़ने के लिये ५० आदमी तैयार होंगे, लेकिन उनके पास आज कोई हथियार नहीं है, वह करें क्या ? अंग्रेज चले गये, वह नहीं चाहते थे कि हिन्दुस्तान में कोई भी आर्म्स रक्खे । उनको अन्देशा था कि अगर यहां रिवोल्यूशन हो गया तो कोई इन्तजाम नहीं हो पायेगा । लेकिन १४ साल के बाद आर्म्स ऐक्ट, १९५९ पास किया गया । हमने बड़ी खुशी मनाई कि एक बड़ा कदम उठाया गया । लेकिन चलते चलते इन को भी दहशत हो गई कि हमारे यहां हिन्दुस्तान में दूसरी पार्टियां हैं, कम्युनिस्ट लोग हैं, वह न जाने क्या कर देंगे या जनसंघ वाले न जाने क्या कर देंगे । अन्देशा यह है । या फिर उनके पास इतने आर्म्स नहीं हैं । न जाने क्या बात है । क्या यह मुल्क इस तरह से चलेगा कि यहां डाके पड़ते रहें, तमाशा होता रहे, रिपोर्टें आती रहें, और उन आदमियों को आर्म्स न दिये जायें जो उन्हें इस्तैमाल कर सकें ? आर्म्स ऐक्ट, १९५९ जो पास किया गया वह एक सही कदम था । देहातों के अन्दर जहां तक पोस एण्ड आर्डर का सवाल है, उसके लिये आर्म्स दे दिये जायें । फिर चाहे वहां पर कोई भी थानेदार हो या न हो, चाहे और कोई हो या न हो, वहां के लोग परवाह नहीं करेंगे । वे तगड़े आदमी हैं, किसी से भी डरने वाले नहीं हैं ।

तीसरी बात मैं अर्ज करना चाहता हूं कि आप कहते हैं कि हमारे अफसरों का बड़ा अच्छा इन्तजाम है । मैं यकीन से कहता हूं कि पिछले १८ सालों के दौरान जितने आई० पी० एस० और आई० ए० एस० हैं, मैं अपनी स्टेट के बारे में कह सकता हूं, उन को बहुत ही डिमारालाइज कर दिया गया है । जो चीफ मिनिस्टर वहां है, जो रूलिंग पार्टी वहां पर है, जो मिनिस्टर्ज वहां पर राज्य चला रहे हैं उन्होंने अफसरों को डिमारालाइज कर दिया है और कहते हैं कि हमारे कहने पर चलो, उनके कहने पर मत चलो । साथ ही साथ वहां पार्टीबाजी बहुत है । मैं उस की एक मिसाल पेश करना चाहता हूं । पुरानी बात है । ट्रिपल मर्डर केस करनाल में हो गया । एस० पी० साहब ने आदमियों को मरवाया । जो मरे उन का खानदान का खानदान खत्म कर दिया गया । चार पांच सिख मार दिये गये । करनाल करनाल जिले में कोई सो नहीं सकता था । जब उन बेचारों ने मुकाबला किया । तहकीकात हुई मजिस्ट्रेट के जरिये तो पाया गया कि कि वह आदमी मुकाबला करने से मरे, लेकिन वहां पर हालात कुछ ऐसे हुए कि जो गवर्नमेंट चला रहे थे, उन्होंने कहा, नहीं । सारी मशीनरी एक तरफ । गवाह

]श्री लहरी सिंह]

तारा सिंह ८८५ एल एस २७११ ८-६-६२ बनाये गये, झूठी शहादत बनाई गई और उस एस० पी० ग्रेवाल को जेलखाने में डाल दिया गया। ११ इन्स्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर और डाल दिये गये। उन बेचारों ने अपने जेवरात बेच कर पैरवी की एक तरफ वहां की गवर्नमेंट तुली हुई थी कि उन को सजा हो दूसरी तरफ ग्रेवाल और उसके आदमी। आखिरकार, मैं तो इसे बहादुरी कहूंगा कि सिंह साहब ने, जो कि यू० पी० के सेशन जज थे, उन्होंने ७०० सफे का फैसला दिया और करार किया कि ग्रेवाल बेगुनाह है। यही करार नहीं दिया कि वह बेगुनाह है बल्कि कहा कि फलाने फलाने अफसर ने झूठी शहादत दी है। फलाने ने भी झूठी शहादत दी है ची० मिनिस्टर तक के खिलाफ स्ट्रिक्चर्स पास हुए। उस के बाद उस की अपील की गई। लेकिन हाई कोर्ट ने भी उस फैसले को डिटो किया, सुप्रीम कोर्ट में गया, वहां फी उस को डिटो किया गया। फिर वह ग्रेवाल आई० पी० दिल्ली पहुंचता है कि खुदा के बन्दो, मुझे बचाओ। लेकिन कुछ नहीं हुआ। मालूम है कि वह बेगुनाह है, लेकिन उस को अभी भी हुकूमत रगड़ रही है। यह तो जुडीशियरी की गलती है कि उस ने इस तरह का आर्डर दिया, सेशन जज ने फैसला दिया, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि वह बेगुनाह है, लेकिन फिर भी एक बहाने से कभी दूसरे बहाने से उसे रगड़ा जा रहा है। जब ग्रेवाल को इस तरह से रगड़ा जा रहा था तब सिंह साहब ने उस की हिफाजत के लिये यह फैसला दिया कि वह बाहर रही। ऐसी हालत में बतलाइये कि बाकी जो एस० पी० हैं उन में कितनी दम खम है कि वह ऐसी कोई बात करें। (*Interruptions*) मैं सुनूंगा आपकी बात। मुझे मालूम है कि आप क्या कहना चाहते हैं। एक ग्रेवाल को रगड़ कर सीधा कर दिया, और यहां कहते हैं कि दातार साहब यहां की सर्विसेज बड़ी ठीक हैं। जाकर देख लो स्टेट्स में पेशाब निकल रहा है, वे कहते हैं कि कहां जायें। प्राईवेटली कहते हैं कि तबाह हो गये, कहां जायें हम अपने बाल बच्चों को कैसे खिलायेंगे?

अभी कपूर साहब आई० सी० एस० थे।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने आप को इस लिये इजाजत दी थी कि वह सब बातें फैसले में आ चुकी हैं। आप यह नहीं कह सकते।

श्री लहरी सिंह : मैं इस को छोड़ता हूं। मैं जनाब का इशारा समझ रहा हूं। मैंने आप का फैसला सुन लिया। मैं अपने मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करता हूं कि वह उसको नुक्ता चीनी न समझें अगर कड़ुए लफ्ज हों। आप अपने बड़े बड़े अफसरों को, आई०पी० एस० वालों को बुलायें और पूछें कि आखिर क्या बात हो गई है। डे टू डे इंटरफिअरेंस हो रहा है। अभी एलक्शन पिटिशन्स आई, सारे लोग भाग गये एलेक्शन्स के दिन। इस लिये मैंने कहा कि मैंने देखा है कि पंजाब में जो हो रहा है। कहते हैं कि हमें पंजाब से बाहर कर दो। हम मरे। यह हालत पैदा हो गये हैं और डे टू डे इंटरफिअरेंस इस हद तक हो चुका है कि सर्विसेज बिल्कुल डिमारलाइज हो चुकी हैं। मैं करप्शन वगैरह का जिक्र क्या करूं खामखाह यह कहने से क्या फायदा कि करप्शन है। सब जानते हैं कि करप्शन है।

मैं मिनिस्टर साहब का ध्यान दिलाऊंगा एविडेंस एक्ट की दफा २७ की तरफ आज दफा २७ में क्या हो रहा है, उस में हर एक इन्वेस्टिगेटिंग आफिसर क्या कर रहा है। मुलजिम कुछ करे या न करे, कुछ कहे या न कहे गवाह के इन्स्टेंस पर चीजें रिकवर की जा रही हैं। आप तमाम केसेज की रिपोर्टेस मंगवा लें। कम से कम हमारे सूबे में कई चीजें इस तरह की हो रही हैं गवाह हो या न हो दफा २७ लगा कर केस बनाया जाता है। मैं इंटरेस्टिंग केस बतलाऊं। दिल्ली के नजदीक बहादुरगढ़

का थाना है । वहां औरत मरी नहीं थी । एक लाश मिल गई । थानेदार ने कहा कि वह लाश फलां हरिजन औरत की है ।

अध्यक्ष महोदय : उस का भी फैसला हो हो चका है ?

श्री लहरी सिंह : नहीं ।

अध्यक्ष महोदय: अभी चल रहा है ?

श्री लहरी सिंह : फैसले पर डिस्प्यूट नहीं है, उस पर सब एग्री करत हैं । वह औरत जिस की लाश बरामद हुई, गंडासा कत्ल करने का बरामद खून से भरा हुआ, । वह औरत यू० पी० में निकली । चालान पेश किया जा रहा था तो उसका पता चला अब बतलाइय कि क्या हो । मैं कहता हूं कि दफा २७ ने इस मुल्क में जो मरे नहीं थे उन की लाशें निकलवा दीं, तलवार, गंडासे और बन्दूकें निकलवा दी और दिखला दी गई । यह तो हमारे ला ऐंड आर्डर का सवाल है ।

अगला सवाल यह है कि आप के सामने नैशनल इंटेग्रेशन के बड़े गीत गाये गये । लेकिन डिसइंटेग्रेशन किसने किया ? राजा जी ने कहा कि खुदा के वास्ते यह स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन कमिशन न बनाओ । तुम जोन बना लो, लेकिन साहब उस वक्त लोग जोश में थे और बगैर देखे भाले एक ब्लन्डर की जैसे कि तिब्बत के मामले में हुआ, और एक इंटर्नल मामले में स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन का रेजोल्यूशन पेश कर दिया गया और स्टेट्स मुकर्रर कर दी गई । और उनको हिदायत की गई कि लैंग्वेज का खास ख्याल रखते हुए उन सूबों को आरगेनाइज करो । तो यह गलती किस की थी ? अब चारों तरफ से सूबों की आवाज हुई बम्बई में कत्ल होने लगे, गुजरात और महाराष्ट्र के सवाल को लेकर झगड़ा होने लगा । चारों तरफ झगड़ा होने लगा । तो कहा गया कि गलती हुई । अब नेशनल इंटीग्रेशन की स्कीम बनायी जाए । इंटीग्रेशन काउंसिल बनायी गयी । मैं एक मिसाल देना चाहता हूं । यहां तो नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल बनायी जा रही है और मेरे सूबे में वहां की कैबीनेट इस बात पर दरपैदर है कि किस तरह से वहां की पबलिक के टुकड़े टुकड़े किए जाएं और उसमें नफरत पैदा की जाए । अभी हाल में टेम्पोरेरी टैक्सेशन बिल पेश किया गया और मंजूर किया गया, उसका मतलब क्या है ? उसका मतलब यह है कि किसी तरह हरिजनों और जमींदारों को. . .

16 hrs.

अध्यक्ष महोदय : अब आप ज्यादती करेंगे अगर आप

श्री लहरी सिंह : वह तो पास भी हो लिया ।

अध्यक्ष महोदय : वह तो लेजिसलेचर ने पास किया है ।

श्री लहरी सिंह : मैं वही तो आपके सामने रखना चाहता हूं . .

अध्यक्ष महोदय : वह गवर्नमेंट का काम नहीं है । मैं ने आपको अब तक छूट दे दी । आप अपनी बात कहते रहे । लेकिन यह बिल तो लेजिसलेचर ने पास किया है ।

श्री लहरी सिंह : वही तो मैं कहना चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : तो आप उस पर यहां नुकताचीनी तो नहीं कर सकते ।

श्री लहरी सिंह : मैं नुक्ताचीनी नहीं करना चाहता ।

अध्यक्ष महोदय : आपने यही तो कहा है कि यहां तो नेशनल इंटीग्रेशन की बात हो रही है और मेरी स्टेट में इससे उलटा काम किया जा रहा है और उसकी मिसाल आप इस बिल से देना चाहते हैं ।

श्री लहरी सिंह : मैं इस टैक्सेशन बिल के बारे में बोल रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय : लेकिन इस बिल को तो लैजिस्लेचर ने पास किया है ।

श्री लहरी सिंह : मैं वही बात तो कहना चाहता हूं कि लैजिसलेचर ने किस तरह पास किया । यहां की तरह हमारे यहां भी रूलिंग पार्टी है और अपोजीशन पार्टी है । जो अपोजीशन के लोग थे वे इसके खिलाफ थे लेकिन रूलिंग पार्टी ने उसको पास किया ।

अध्यक्ष महोदय : इसी वास्ते तो मुझे आपको रोकना पड़ा । जब कोई बिल पास हो जाता है तो वह सारे लैजिस्लेचर का बिल समझा जाता है, यह नहीं वह कह सकते कि यह रूलिंग पार्टी ने पास किया । अगर आप यहां पार्लियामेंट में कोई कानून पास करें तो यह समझा जाएगा कि सारी पार्लियामेंट ने उसको पास किया है । यह नहीं कहा जा सकता कि इसको रूलिंग पार्टी ने पास किया है । इसी तरह से पंजाब असेम्बली में जो कानून पास हो गया उसकी आप यहां यह कह कर नुक्ताचीनी नहीं कर कर सकते कि इसको रूलिंग पार्टी ने पास किया है ।

श्री लहरी सिंह : तो मैं बिना रेफरेंस दिए कहता हूं कि आज मेरे सूबे में झोंपड़े में रहने वाले छोटे जमींदार पर और छोटे दुकानदार पर जिसको कि प्रोटेक्शन दिया गया था और जिस पर आज तक टैक्स नहीं लगाया गया था उस पर भी टैक्स लगाया जा रहा है । उन पर यह कह कर टैक्स लगाया जा रहा है कि हम यह रुपया शिड्यूल्ड कास्ट वालों को देना चाहते हैं । हम कहते हैं कि तुम इस काम के लिए रुपया दो लेकिन इसके लिए जो चालीस और पचास मिनिस्टरों की तादाद बढ़ा रखी है उसको कम करो । एक कमेटी बनी थी रिट्रेंचमेंट करने के लिए उसने १६ करोड़ की कमी की सिफारिश की । उसको न करके छोटे किसान और जमींदार से जो कि झोंपड़े में रहता है उससे कहा जाता है कि तुम को टैक्स देना पड़ेगा । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इससे मुहब्बत बढ़ेगी ।

Shri A. N. Vidyalankar (Hoshiarpur): Is he criticising the taxation policy of the State Government.... (*Interruptions.*)

अध्यक्ष महोदय : मैं ने मना किया था ।

श्री लहरी सिंह : मैं मना हो गया ।

अध्यक्ष महोदय : अब आप बन्द करें, आपका वक्त भी हो लिया ।

श्री लहरी सिंह : मैं एक बात और कह कर अपनी तकरीर को खत्म करता हूं । आपके पास में हरियाना का सूखा इलाका है । वहां के लिये जो पानी है उसमें से पहले दिल्ली को ३५० क्यूसेक्स पानी दे दिया और फिर २०० क्यूसेक्स और दे दिया । हम बैटरमेंट टैक्स दे रहे हैं और हमारे खेत सूखे पड़े हैं ।

अध्यक्ष महोदय : क्या पानी भी होम मिनिस्टर ने लिया है ?

श्री लहरी सिंह : यही तो पानी का इन्तिजाम करते हैं ।

हम कहते हैं कि हमारे लिए पानी का इन्तिजाम करो तो कहा जाता है कि तुम कम्यूनल हो । आज हमारे इलाके में जमींदार भूखा मर रहा है । उसके खेतों में पानी नहीं है । तो मैं ज्यादा न कह कर यह अर्ज करना चाहता हूं कि गो यह बातें कड़वी हैं लेकिन इन पर विचार किया जाए और यह सोचा जाए कि काम नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल से होगा या एक्शन से होगा ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shrimati Chandrasekhar): Sir, during the discussion some of the hon. Members expressed great concern over the welfare of Scheduled Castes and Tribes and the other backward classes. My senior colleague a few minutes back spoke somewhat elaborately on certain aspects of the welfare schemes and I would now like to confine myself to some of the social welfare schemes undertaken by the Ministry. This section of the population has been receiving special attention since Independence. During the First Plan period assistance was given to the State schemes to implement them. The Second Plan undertook centrally sponsored schemes and the entire expenditure on them was borne by the Central Government. In addition to the fifty per cent contribution which was given to some of the State schemes during the Third Plan period, centrally sponsored schemes are now confined to schemes which relate to special disabilities keeping in view the recommendations made in the annual report of the Commissioner for Scheduled Castes and Tribes and also the recommendations of the various committees which make special studies of the problems of the backward class. The important schemes which have been taken during the Third Plan period are :the improvement of the working conditions of scavengers and sweepers, provision of subsidies for housing them as also house sites for those who are engaged in unclean occupations as also landless labourers. During the Second Plan period 43 multi-purpose tribal blocks were started with an outlay of Rs. 27 lakhs which was borne both by the Home Ministry and the Ministry of Community Development and-co-operation. But in the Thrid Plan period it has been decided to allot, in addition to 324 tribal welfare blocks which were mentioned by my senior colleagues, six more of which two will be in Goa, two in the Union Territories and two in places still to be decided. Each block will be started in an area of 200 sq. miles with a population of 25,000 of which 66.66 per cent will be Scheduled Tribes. All these blocks will be started during the Third Plan period. Each block will have a budget of Rs. 22 lakhs in the first stage and Rs. 10 lakhs in the second stage.

Mention was made about the landless Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I would like to mention here that since 1951, 7:8 million scres of land were allotted to landless persons, of which 3.6 million acres have been allotted to persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. In the Third Plan provision has also been made for land colonisation schemes and supply of agricultural implements and other aids for the members of the Scheduled Castes and Tribes. Under the land colonisation schemes additional financial aids for land improvement, for the purchase of plough, bullocks, seeds and other implements will be provided to persons belonging to Scheduled Castes and Tribes to whom land has been allotted by the State Government. For this, there is a provision of Rs. 3 crores.

In the matter of educational facilities, the progressive increase in the expenditure incurred under the post-matric scholarship schemes for these people is clear from the fact that while a sum of Rs. 30.52 lakhs was spent in 1952-53 it has risen to Rs. 286.57 lakhs in 1960-61. The amount that is going to be spent in 1961-62 is to the tune of Rs. 311.57 crores, nearly. All these go to show that something is done. But this does not satisfy the needs of the population. At the same time criticism was made that in the prematric stage nothing has been done. How could assistance be given at the post-matric stage unless the people have been given assistance in the pre-matric stage? So, unless they are given assistance in the pre-matric they cannot reach the next stage. Besides this, my senior colleague, an hour back, mentioned about the rise in the number of members from among the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the All-India

[Shrimati Chandrasekhar]

services such as the IAS and the IPS. All this goes to show that we are aiming at increasing the status of our people which of course has to be increased to a greater extent.

The Education Ministry has set apart Rs. 225 lakhs per annum for the post-matric scholarships for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. But this was found inadequate. So, the Ministry of Home Affairs, in accordance with the recommendations made at the conference of State Ministers in charge of the backward classes, has sanctioned an additional amount for 1960-61 to the tune of Rs. 46.62 lakhs. It was Rs. 9.7 lakhs in the year 1959-60. There is also an additional amount asked by the State Governments other than Andhra Pradesh and the Union Territories to the tune of Rs. 89:46 lakhs which is being sanctioned this year. All these go to show that our efforts to improve the lot of the people are going apace.

The number of post-matric scholarships that were granted to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes has incresed from 2,181 in the year 1950-51 to 64,637 in the year 1960-61. Besides, these grants are also given for buying books and other implements and for mid-day meals.

With regard to the utilisation of funds, there has been a progressive improvement. But there has been a slight slack also in the previous years. But the improvement has been brought about by constant reviews and evaluation through progress reports and prompt removal of difficulties. We have also written to state Governments requesting them to take decisions early in the year so that they can utilise the funds early. In addition, we have also requested the State Governments to ensure maximum coordination among the various departments and also to arrange for training for their officers and give them incentives so that they can work in the interior of backward areas.

In addition, following the recommendations of the Estimates Committee of Parliament, the Ministry has constituted central co-ordinating committee with representatives of the different Ministries and the Planning Commisison. This committee will see that the backward classes get a due share of the benefits from the general sector of the Plan. The State Governments and the Union Territories Administrations have also been requested to constitute similar committees.

In addition to this, assistance to voluntary organisations is given, that is, to organisations of an all-India nature. Rs. 67.88 lakhs were sanctioned directly by the Minitsry to such non-official organisations as are working for the welfare and benefit of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other backward classes. Even during 1961-62, we have granted Rs. 19.73 lakhs to such institutions. There is a provision of Rs. 1.25 crores in the Thrid Plan for this purpose.

In this respect, I would like to say that some hon. Members expressed concern over the deplorable condition of the hostels that are run by some of the organisations. Here too we give direct grants only to organisations of an all-India nature. Their proposals, when they come in, are being examined in detail and in a realistic manner and adequate grants are given to enable them to extend suitable facilities to the boarders. In addition, there is a large number of local organisations who get funds from the State Governments. We bear 50 per cent of the expenditure. to ensure proper utilisation of the funds, the grants for each year are released in two instalments, the first in April or so, after the progress report and the unaudited statement of accounts of the previous years are furnished and the second instalment is released roundabout November, after the progress report for the first half-year is furnished. The Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes or his representatives serve on the managing bodies of all-India organisations. Similarly, local organisations have to accept on the mana-

ging bodies a nominee of the State Government. In addition, there are inspections by officers of the State Government. All these accounts of the organisations are also subject to test-checks through the organisations of the Auditor-General.

On the Scavenging Conditions Enquiry Committee report, an advi ory under the chairmanship of Prof. Malkani has been appointed to mobilise efforts for solving the problem. The scheme for the purchase of wheel-barrow; has been liberalised. The grants now also cover the supply of implements like scrappers and protective devices like gum boots and gloves. We are also sanctioning pilot project; in each of the States for completely implementing all the recommendations of the Malkani Committee, with a view to totally eliminating the practice.

Shri U. M. Trivedi: On a point of order, Sir. The hon. Deputy Minister was a Deputy Minister in 1952 also. She is intervening in the debate. One must be very chivalrou; towards her, but she is reading her speech. She is an intervener in the debate and she should speak *ex emprore* and not dead her speech.

Mr. Speaker: Ministers are allowed to do it. Even when intervening, Ministers have that liberty.

Shrimati Chandrasekhar: I am sorry if I have given that impression. To be sure that I did not commit mistake; about the numbers..

Mr. Speaker: Even if that be a fact and she be reading then too she has privilege.

Shrimati Chandrasekhar: Shrimati Renuka Ray referred to the Untouchability Offences Act and she wanted to know the number of prosecutions launched after the Act was pa sed in 1955. I have got the list. If you would like me to give that also, I have to read from the papers, because I cannot remember all the figures for all the States.

Mr. Speaker: That is for her to decide. She has the liberty to read

Shrimati Chandrasekhar: I will give the total number for all India: 174 in 1955, 574 in 1956, 467 in 1957, 603 in 1958, 552 in 1959, 474 in 1960 and 213 up to June 1961, totalling to 3057 prosecutions.

श्रीमती गंगा देवी (मोहनलाल गंज): यह फीगर्स जो कोट की गई हैं यह वह फीगर्स हैं जोकि अनटचेबिल्टी एक्ट के आने के बाद रिपोर्ट की गई है या इतने कैसेज के ऊपर एक्शन लिया गया है ?

Mr. Speaker: Prosecutions.

Shrimati Chandrasekhar: The numbers give the prosecutions launched after the Act was passed in 1955.

About scheduled areas and scheduled tribes, commissions have made recommendations on this subject and they have been examined. The Estimates Comm'ttee, in their 48th report, had recommended some special survey of the indebtedness among the scheduled tribes. Agreeing with the recommendations, action is being taken to have a sample survey made through the National Sample Survey Organisation. Certain States like the State of Madras have undertaken local survey in their States and the expenditure is being met from out of the grants given by this Ministry.

With these words, I would like to finish my speech.

Shri M. Ismail (Manjeri): Mr. Speaker, Sir, one hon. Member, Shri Harish Chandra Mathur, complained that the important matter which goes by the name of 'national integration' has been decided upon outside the House. He was of the opinion that such an important matter bearing upon the national life of the country must be brought before the House and the decision of the House must be taken upon it. He is perfectly

[Shri M. Ismail]

correct, and and I am also of the same opinion.

Sir, such things have happened in the past. It was announced a few years back that the end and aim of the society here in the country is the establishment of socialism or socialist pattern of society. That decision was not first made by the Parliament. That decision was made outside and later on it came into the House. Then again, another decision was made, a decision of very great importance, outside the House. I mean the question of adopting a uniform script for all the languages of the country. This is a matter which has a factor containing a large explosive emotional content in it and it ought to have been decided by the House itself. But that, again, was decided upon and settled outside the House. And, now this question of national integration is being dealt with by some other agency than this supreme, important and sovereign body—the Parliament of the country. That is one aspect of it.

In answer to a question this morning, the hon. Home Minister stated that though all the political parties of the country are not included in the national integration conference or the committees and bodies set up by it, other parties may come up before those committees as witnesses. I thought that this question, though it was being settled outside the House, would be done in a co-operative manner; but the way in which the matter is being done seems to be partaking of a partisan character. Some of the parties who are vitally interested in the affair are omitted from the deliberations. Then they are asked to appear before a committee. The members of the committee are to act as judges and these members of the other parties are to appear before them as witnesses or rather as criminals and culprits. The members of these other parties have no opportunity of testing the data upon which the committee was going to base its conclusions. This is not fair to all parties prits. The members of these other concerned, and nothing will be lost in such a matter by bringing in all the parties concerned into the machinery that is set up for achieving the object.

But there is another thing. I do not know what the sponsors of this move have got in their mind in the name of national integration, whether they have got the idea, to put it bluntly, of liquidating certain parties and certain communities or interests in the country. If that were so, I want them to consider that history has had experience of such an action and such a procedure. Such attempts were made in other countries of the world in the past, and it never did any good to any country that indulged itself in such activities. I do not want our country also to have the same experience.

With regard to the National Integration Conference, it put forward a statement, an elaborate statement, and when one goes through the whole statement, only one sentence strikes as significant, as having any purposeful content, and that sentence is this:

> "The Conference took note of certain apprehensions and fears of some minority groups and the need for taking steps to remove all legitimate grievances."

See the manner or the style of even this one sentence which is of vital importance in the whole statement. It evades the question and puts things in an evasive manner. First it speaks of "certain apprehensions and fears of some minority groups" and then it also speaks of the need, not of removing those apprehensions and fears in a direct manner, but it speaks of removing "all legitimate grievances". This seems to be a casual manner of putting things.

Now, anyway, they speak of taking steps in that direction. But, then, after the Conference met and made its deliberations and has set in motion its various agencies in the shape of committees, things have been taken place in the country, explosions have taken place in the very capital itself, disturbance like those in Malda have taken place. Speaking of these bomb explosions, there have been 70 explosions of bombs and crackers in Delhi since 1956, and one notable thing about it is, all these explosions have taken place in mohallas occupied by one community, and that is the Muslim community. It has been place inside mosques and around certain mosques. For example, these explosions took place inside the Fatehpuri mosque and outside the Fatehpuri mosque. They have taken place around Jama Masjid; they have taken place in Muslim mahallas like Bellimaran, Lal Kuan and Jama Masjid area. It makes one to believe that those who are responsible for these nefarious operations were capable of doing what they wanted, capable of choosing mohallas and then indulging in their operations in those particular mohallas. As I said, it is always the Muslims that were the victims. It is their properties that were damaged. But, then, another noteworthy fact is this, that it was always the Muslims that were arrested in connection with these explosions, they were arrested and kept in custody and then let off. Nobody was brought before a court of law, and no officer was taken to task for not detecting these happenings, which were going on for the last six years, and that too in the capital of this big country of ours. The Home Minister stated some days ago that the hand of foreigners is suspected to be in it. These things are going on for the last six years, and that too in the federal capital of India, and the Government and their officers have not been able to find out whose hand is in it and what kind of animosity that foreigner can have against these poor Muslims who have been victims of these explosions.

Shri Datar: May I correct the hon. Member that all these are not in or near the mosques. One of these explosions has taken place even in a Congress office. It is not only the Muslims that are injured but Hindus also have been injured.

Shri M. Ismail: How many of them were near the Congress office?

Shri Badrudduja: Majority of those were Muslims.

Shri Raghunath Singh (Varanasi): One was in Diwan Hall. He cannot say that all these happened only in one community. It happened in both the communities.

Shri M. Ismail: I want to know whether the place mentioned by him is not adjacent to Muslim areas. From the vast majority of cases one can argue that the target was that community.

Shri D. C. Sharma: Even our country is adjacent to a Muslim country.

Shri M. Ismail: Those living nearby, their (muslims) neighbours, also might have come to grief in one or two cases. The question is that these happenings are taking place for the last six years and even after so much has been made of this national integration conference and of the necessity for taking steps to reassure the minorities here these things happen again. With regard to the victims no compensation that the public know of has been given to them.

Then again I spoke of Malda. In the recent past there have been communal disturbances and violence in places, like, Firozabad, Sitamarhi, Mubarakpur, Jabalpur, Sagar, Bhopal, Chandausi, Aligarh, Meerut and Malda. With regard to Malda so many things are being said but no explanation has been found for certain things. In all these disturbances again, as in the case of these explosions in the Capital, the sufferers have been the members of the mino-

[Shri M. Ismail]

rity community by way of deaths and by way of loss of property.

A new element can be seen in these disturbances. In Saropa village in Jabalpur District eleven people and in Gazalghat village in Malda six people, altogether 17 people, were burnt alive. These disturbances have taken place even during the foreigner's rule. But then such gruesome scenes were not enacted during those days.

The other day the hon. Prime Minister of India is stated to have said that these cases of being burnt to death were not deliberate cases; the houses were set fire to and the roof fell down on the people who happened to be there. I do not want to contradict the hon. Prime Minister for whom I have got great respect but I want him to consider the fact that when a house is burning it takes some time for the roof to come down and during that time people in the burning house do not simply wait there for the roof to fall upon them. There have been not one or two cases but 17 such cases have happened in the recent past. When such things are happening in the country there ought to have been some inquiry, if not a judicial inquiry, some public inquiry, so as to show to the people that there are others who are really interested in the well being of the people and in seeing that such things do not happen. Now even this burning alive is in doubt. Was there any public inquiry about these things? Then again, was there any relief offered to those people and do the public know what relief was given to them and how these people have been rehabilitated? These are the questions. This is the way in which the national integration programme is being worked.

Another thing which disturbs the emotional side of the people is the scurrilous writings indulged in by some parties form time to time. There were agitations, there were meetings, and thre were shootings in connection with such writings. Such writings are found even in text-books which are approved by the Government for use in schools and colleges. Some care must be taken of such literature being circulated in the country. Time and again it has been said that the matter will be attended to, and even the Prime Minister of India once said that such things must be attended to and that the Home Ministry will take all necesary steps, legislative steps if necessary. But things are going on. Even the other day there has been a protest in Calcutta with regard to such writings.

With regard to the reassurance given to the minority communities about equal treatment where employment and services are concerned, no less a person than the honoured Prime Minister of India said at a Congress meeting that he had facts and figures in his possession to prove that the position of the minorities is deteriorating from year to year in the matter of representation in the public services. And when somebody drew his attention perhaps to certain rules according to which these employments are made, he said why should such rules come into being which militated against the representation of the minorities, which representation they were having all along. The Muslims and other minorities were found fit for public services only fifteen years ago. All of a sudden they find themselves as having lost their ability and competence for public service! If such a calamity happens with regard to one whole community, is it not the duty and the interest of the government of the country to make an investigation into the matter and find out what is it that has happened which has made them so suddenly unfit for public service?

In that connection I have to mention that altogether about 18 Muslims were dismissed from service, from

the few people who were enjoying government service, on the score of their belonging to the Jamiat-Islami directly or indirectly. When the question was asked as to why these people were dismissed, it was said that they belong to an organisation which is subversive. But nobody has so far shown, and they have so far not made it clear as to how this organisation which is purely a religious organisation can be said to be a subversive organisation.

Shri Raghunath Singh: Their object is that. They don't believe in the sovereignty of India.

Shri M. Ismail: What they have done, what subversive activity they engaged themselves in, is the question. If it was because of any subversive action, it was the duty of the Government to bring those people before a court of law; to book them. Have they done so? Apart from saying this *Hukumat-e-Ilahi* and other things, if the Government had any concrete cases of subversion against the Jamat-e-Islami or other people, the duty of the Government was to bring them before a court of law. The law is there. It must be put in operation with reference to any evildoer, whoever it may be. Nothing of the sort was done. But, merely a charge alone is being made.

Another thing which is disturbing the feelings of the people is the use the Government are making of the Preventive Detention Act. Originally, when this Bill was brought before Parliament, I was one of those who stoutly supported the passing of this enactment. I said that such a measure was necessary in the country in the then circumstances and the Government must be armed with all powers to deal with subversive activities. Now, the way it is being made use of is only creating a feeling of insecurity amongst the people. For example, you all know the case of about 100 people, Akalis who have been kept under preventive detention in reference to the Punjabi Suba agitation.

Shri D. C. Sharma: Do you know what they were doing?

Shri M. Ismail: That agitation has been withdrawn. All reasonable people would have expected the release of these people. But, they are still kept in custody and people do not know the reason thereof.

One hon. Member referred to the comparative communal tranquillity in the southern region. I want to say without the fear of being contradicted, that the tranquillity and that kind of condition in that region was largely due to the co-operation of the Muslim League. Wherever the Muslim League was active, you would not have heard of the breach of law and order. This is a fact which is not claimed by me alone to our credit. This is a fact which has been testified to by the Chief Minister, late Shri Prakasam. He has said that, not only in public meetings, but also in the Constituent Assembly of India and in the First Provisional Parliament of India. If anybody wants, a reference may be made to the records of the Constituent Assembly. He has said that we in the south have set an example not only for the whole country, but for the whole world as to how different communities can live together. He has spoken in glowing terms of the Muslim League, how it co-operated with him and his Government in the matter of maintaining law and order. One Governor after another after Independence has been paying the same encomium to the services rendered by the Muslim League.

You may have heard of some agitation in Northern India and cases of shooting also in that connection, with reference to book called *Living Biographies of Religious Leaders.*

[Shri M. Ismail]

There, in the south, people were unruffled. They simply put the matter to the Muslim League. They said, the Muslim League is there and it is its look-out to do what is necesssary in that connection. There was not a single meeting. There was no agitation whatever in that area, simply because they looked to the Muslim League to attend to the thing. The Muslim League did that. It put the matter to the Prime Minister of India who made a statement and the people kept quiet over that. This, I am telling you with reference to the accusation that is being levelled against the Muslim League. The Muslim League is anti-communal. It national. (*Interruptions*) It has proved it not meraly by any oral claim, but by solid acts and facts which can be found recorded even in the records of the Constituent Assembly and the legislatures of the States. Therefore, it is not a matter to be laughed at. It is a hard fact which can be verified and which cannot be erased out now by any amount or argument or derisive action.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, गृह मंत्रालय ने जिन दायित्वों को अपने कंधों पर लिया है उनमें सबसे बड़ा दायित्व जिसे स्वयं संविधान ने गृह मंत्रालय के कन्धों पर विशेष रूप से डाला है, वह है हिन्दी का प्रचार और प्रसार । लेकिन गृह मंत्रालय के प्रतिवेदन को देखने से प्रतीत होता है कि पिछले १२ वर्षों में हिन्दी जानने वाले ऐसे सरकारी कर्मचारियों की संख्या ५० हजार के लगभग है जिन्होंने हिन्दी पाठ्य क्रम पूरा किया है और लगभग १६ हजार कर्मचारियों ने प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ आदि जो परिक्षाएं मंत्रालय ने चालू की है उनमें सफलता प्राप्त की है । चालू सत्र में, इसमें लिखा है कि लगभग ४०,००० कर्मचारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है । लेकिन केन्द्रीय सरकार और उस के अधीन प्रान्तों में जो कार्यालय हैं उनकी संख्या को देखत हुए १२ वर्षों में यह प्रगति जो की गयी है यह बहुत ही उदासीनता की सूचना है ।

दूसरी बात जो विशेष रूप से मैं कहना चाहता हूं, वह यह कि इसमें राष्ट्रपति जी के अध्यादेश की चर्चा की है जो संसदीय राज भाषा समिति के प्रतिवेदन के पश्चात् उन्होंने जारी किया था । वह रिपोर्ट मेरे हाथ में है और जो गृह मंत्रालय का २७ मार्च सन् १९६१ का इस बारे में आदेश है उसमें भी लिखा है :

"केन्द्रीय सरकार के बहुत से कर्मचारी हिन्दी और हिन्दी टाइप तथा आशुलिपि का प्रशिक्षण पा चुके है या पा रहे है, पर जब तक उन्हें अपने रोजमर्रा के काम में कुछ काम हिन्दी में करने का मौका न दिया जाए तो जो कुछ उन्होंने सीखा है उसमें से बहुत सा भूल जाने का खतरा है । फिर हिन्दी में काम करके ही उस विरोधी विचारों में व्यक्त करके भव्य, लचीला और प्रवाहमय सुलभ साधन बनाया जा सकता है ।

इस उद्धरण के पश्चात मैं संक्षेप में कहना चाहता हूं कि जो मंत्रालय की रिपोर्ट है उसको देखने से प्रतित होता है कि किसी भी संबन्धित मंत्रालय में इस का पालन नहीं किया जाता । मुझे जहां तक जानकारी है, हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने के सम्बन्ध में जो आने मंत्रालयों को आदेश किया है उनमें सबसे पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय आता इस मंत्रालय के अधीन १२३ अनुभाग हैं लेकिन इनमें से केवल ८ अनुभाग ऐसे हैं जिनको हिन्दी में नोट तथा ड्राफ्ट लिखने की अनुमति दी गयी है । आपने इसमें यह भी लिखा है कि हम यह विशेष रुप से चाहेंगे कि जो कार्यालय विशेष कम हिन्दी क्षेत्रों में हैं उनमें हिन्दी में ड्राफ्ट और नौट लिखने की अनमति दी जाए । लेकिन इसी मंत्रालय से सम्बन्धित २३ कार्यालय इस प्रकार के हैं जो हिन्दी

क्षेत्रों में हैं, लेकिन उनमें से केवल तीन कार्यालयों में हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने की अनुमति दी गयी है ।

इसी प्रकार श्रम और रोजगार मंत्रालय में ११४ अनुभाग हैं जिनमें केवल तीन कार्यालयों में हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने की स्वीकारी दी गयी है । सामुदायिक विकास मंत्रालय के अन्तर्गत ३२ अनुभाग हैं, उनमें केवल एक को हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने की अनुमति दी गयी है ।

वैदेशिक कार्य मंत्रालय में लगभग ८० अनुभाग हैं जिनमें एक में भी हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने की व्यवस्था नहीं है । निर्वाचन आयोग के अन्तर्गत १० अनुभाग हैं लेकिन उसमें भी हिन्दी में ड्राफ्ट और नोट लिखने की अनुमति किसी कार्यालय को नहीं दी गयी है ।

मैं ने यह भी जानना चाहा था कि हमारी सरकार जो विदेशों को विशेष २ अवसरों पर सन्देश भेजती है, विशेषकर ऐसी सरकारों को जिनकी अपनी भाषा अंग्रेजी नहीं है जैसे रूस है, फ्रांस है, चीन है, तो उनको कितने ऐसे सन्देश हिन्दी में भेजे गए । मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि ७१ सन्देश राष्ट्रीय दिवसों पर भेजे गए और ६६ अन्य अवसरों पर भेज गए, लेकिन उनमें से एक भी सन्देश हिन्दी में नहीं भेजा गया जब कि हमारे संविधान में हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है और उन देशों की भाषा भी अंग्रेजी नहीं है ।

मैं ने यह भी जानना चाहा कि जितने मंत्रालय हैं उनमें हिन्दी टाइपराइटरों की संख्या की स्थिति क्या है, तो मुझे मेरे प्रश्न के उत्तर में बताया गया कि अक्तूबर १९६० में अतिरिक्त हिन्दी टाइपराइटर खरीदने का जो सभी मंत्रालयों को निदेश दिया गया था उसके अनुसार जून १९६१ तक उनके द्वारा खरीदे गए टाइपराइटरों की संख्या ११८ है । मैं ने यह भी जानना चाहा था कि ऐसे कितने संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालय हैं जिनमें अभी तक कोई हिन्दी टाइपराइटर नहीं हैं, तो उनकी संख्या ६३३१ बतायी गयी । मैं ने यह भी जानना चाहा कि ऐसे कार्यालयों में हिन्दी टाइपराइटर खरीदने के लिये क्या कदम उठाए गए हैं तो उसको यह कह कर टाल दिया गया कि इस के लिए व्यवस्था की जाएगी ।

इस तरह मैं कहना चाहता हूं कि संविधान ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है और आप चाहते हैं कि एक निश्चित समय पर हिन्दी अपने स्थान पर पहुंच सके तो यह कैसे संभव होगा ? आपके अध्यादेश में यह भी कहा गया है कि मंत्रालयों को जो पत्र हिन्दी में आते हैं उनका उत्तर हिन्दी में दिया जाए । लेकिन मेरी सूचना के अनुसार १९६० की दूसरी छमाही में प्राप्त हुए हिन्दी पत्रों की कुल संख्या ४२,४३३ है । उनमें से २५,०७७ के उत्तर हिन्दी में दिए गए और ५१५४ के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए । मैं चाहता हूं कि जब आपने अपने कन्धों पर विशेष रूप से यह दायित्व संविधान में निर्दिष्ट किया है तो उसमें सतर्क होने की भी तो आवश्यकता है ।

दूसरी बात जो मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह है कि संविधान में हिन्दी को आपने राजभाषा के स्थान पर आसीन कराने का निश्चय किया है । लेकिन अभी कुछ दिन पूर्व इसी सदन में जब सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुदानों पर चर्चा चल रही थी तो उसमें एक दूसरा रूप ही सामने आया । सम्बन्धित मंत्री उर्दू मिश्रित हिन्दी को व्यावहारिक भाषा चाहते हैं ।

आप हिन्दी के सम्बन्ध में निश्चय करते समय उसके स्वरूप की घोषणा करें कि कौन सी हिन्दी को आप राष्ट्रभाषा के स्थान पर लाना चाहते हैं ? उस हिन्दी को जिसको कि संविधान में आप ने स्वीकार किया है अथवा उस हिन्दी को जिसको हमारे वर्तमान सूचना एवं प्रसारण मंत्री निर्देश या संकेत के रूप में कह रहे हैं ? उस विषेयक में स्पष्ट हो जाना चाहिए कि हिन्दी का स्वरूप क्या रहेगा, क्या संविधान में

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

बताया गया स्वरूप रहेगा या श्री गोपाल रेड्डी जैसों कि हिन्दी का स्वरूप रहेगा ?

दूसरी बात यह कि सन् १९६५ तक हिन्दी को जो आप राष्ट्र भाषा के रूप में ला कर उसको आगे के लिए ले जाना चाहते हैं तो जैसा कि शास्त्री जी ने राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के अधिवेशन में भाषण देते हुए कहा था कि उसमें अंग्रेजी को सहयोगी भाषा के रूप में स्वीकार किया जायगा तो क्या यह सब प्रान्तों के लिए समान रूप से बात होगी अथवा वह प्रान्त जिन्होंने हिन्दी को अपनी भाषा स्वीकार कर लिया है और हिन्दी में अपना कार्य आरम्भ कर दिया है उनको छोड़ कर दूसरे प्रान्तों के सम्बन्ध में यह बात लागू होगी ? उस विधेयक में हिन्दी भाषाभाषी राज्यों की क्या वही स्थिति रहेगी जो मद्रास, केरल आदि की है या कुछ भिन्न रहेगी ? मैं चाहूंगा कि उस के सम्बन्ध में विधेयक बनाते समय इन बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय ।

देवनागरी लिपि के रूप के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन ने विशेष रूप से सर्वसम्मति से इस बात को स्वीकार किया कि देवनागरी लिपि को सब भाषाओं के लिए एक समान लिपि के रूप में स्वीकार किया जाय । राष्ट्रीय एकता सम्मेलन में भी उन लोगों ने जो कि दक्षिण भारतीय भाषाओं के उत्तर भारत में अध्ययन पर विशेष रूप से बल दे रहे थे इस बात को स्वीकार किया था । लेकिन मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि गृह मंत्रालय इस दिशा में उदासीनता से क्यों कार्य कर रहा है ? ऐसा करने से तो राष्ट्रीय एकता की कड़ियां मजबूत होंगी । दक्षिण की भाषा, बंगाल की भाषा और असम की भाषा उत्तर के लोग समझ सकेंगे और आसानी से पढ़ सकेंगे तो इस दिशा में अधिक सतर्कता क्यों नहीं बरती जाती ?

अभी मेरे एक पूर्व वक्ता जोकि मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि थे उन्होंने अपने भाषण में राष्ट्रीय एकता के इस प्रश्न को उठाया था । उन्होंने कहा कि इस देश में राष्ट्रीय एकता की चर्चा तो उठ रही है लेकिन फीरोजाबाद में क्या हुआ था ? जबलपुर में क्या हुआ था ? मुबारकपुर में क्या हुआ था ? सीतामढ़ी में क्या हुआ था और अलीगढ़ में क्या हुआ था ? अब अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इतना समय नहीं है कि विस्तार के साथ उन के बारे में मैं यहां कह सकूं । लेकिन क्या उन घटनाओं के मूल में जो बात थी उसको लेकर मैं अपने उन मित्र से पूछ सकता हूं कि फीरोजाबाद की घटना क्या इस आधार पर नहीं हुई थी कि रामलीला के जलूस पर बम फेंका गया था ? जबलपुर की घटना क्या इस आधार पर नहीं हुई थी कि एक युवती को एक मकान में ले जा कर दिन में उस के साथ बलात्कार किया गया ? मुबारकपुर की घटना क्या इस आधार पर नहीं हुई थी कि हिन्दुओं के होली के जलूस पर पत्थर फेंके गये थे ? सीतामढ़ी की घटना क्या इस आधार पर नहीं हुई थी कि दिन दहाड़े भरे मेले में गौकशी की गई ? अलीगढ़ की घटना क्या इसीलिए नहीं हुई कि यूनियन के चुनाव में जो विद्यार्थी हार गये थे उनका जनाजा निकाला गया और इस तरीके से उनको उकसाया गया और भड़काया गया ? इन सारी बातों को करते हुए राष्ट्रीय एकता की दुहाई दी जाती है । यह हमारा अपना दुर्भाग्य है कि जब हम इन बातों की चर्चा करते हैं तो दूसरे ओर से यह ही भाई कहते हैं कि हम साम्प्रदायिकता की बात कर रहे हैं । मैं सरकार को इस बात की साफ चेतावनी देना चाहता हूं कि आज हमारे राष्ट्र में इस प्रकार के अराष्ट्रीय और अरातक तत्व ऐसे व्यक्तियों द्वारा उभर रहे हैं । इतना ही नहीं बल्कि इन दंगों के पीछे कोई योजनाबद्ध बात मालूम पड़ती है और मुझे यह भी प्रतीत होता है कि उस के पीछे किसी दूसरे देश का भी हाथ है और उनकी यह कोशिश जान पड़ती है कि भारतवर्ष जिस मार्ग पर चल कर अपनी उन्नति करना चाहता है उसको उस

मार्ग से विचलित कर आन्तरिक समस्याओं में इस प्रकार उलझा दिया जाय कि वह आगे उन्नति न कर पाये । जो झगड़े सन् १९४७ में स्वतंत्र होने से पहले थे उन्हीं चीजों को फिर धीरे धीरे उसी रूप में देश में लाया जा रहा है । मैं चाहता हूं कि गृह-मंत्रालय इन तमाम बातों पर विचार करते समय इस के ऊपर थोड़ा शीघ्र ही कड़ाई के साथ निर्णय करे अन्यथा अगर उपेक्षा के साथ इनको छोड़ दिया गया, आगे चल कर यह पानी मुंह से ऊपर हो जाने वाला है और अगर यह मुंह के ऊपर चला गया तो फिर उसको सम्हालना कठिन हो जायगा, यह चेतावनी मैं सरकार को देना चाहता हूं ।

मुझे इस बात की खुशी है कि स्वर्गीय सरदार पटेल को जहां यह गौरव प्राप्त है कि उन्होंने हिन्दुस्तान की ६५० रियासतों को भारत में मिला कर देश की एकता बनाये रखने के लिए दृढ़ पग उठाया था वहां मुझे इस बात की भी प्रसन्ता है कि गृह मंत्री स्वर्गीय पंडित पंत ने राष्ट्रीय क्षेत्रीय परिषद् बना कर राष्ट्रीय एकता की कड़ियों को सुदृढ़ करने की ओर एक बहुत ही बुद्धिमत्तापूर्ण पग उठाया था । मैं चाहता हूं कि जब हमारे प्रान्तों में धीरे धीरे वह अलगाव की प्रवृत्ति उभरती जा रही है तो सरकार को विशेष सतर्कता बर्तनी चाहिए । आज तो यह हमारा सौभाग्य है कि पुरानी पीढ़ी के नेता हमारे मध्य में विद्यमान हैं और उन के कारण इस तरह की प्रवृत्तियां अभी जोर नहीं पकड़ पा रही हैं लेकिन परमात्मा न करे आज से ५० वर्ष बाद या २० वर्ष बाद जबकि यह हमारे नेता नहीं रहेंगे तब हमारी स्थिति क्या होगी ? इसलिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि क्षेत्रीय परिषदों के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि की जाय और कुछ किया जाय या न किया जाय लेकिन कम से कम जैसे पुलिस ऐडमिनिस्ट्रेशन है या फाइनेंस है उनको इस तरह से अन्तर्प्रान्तीय सम्बन्ध में बांध दिया जाय जिसमें प्रान्तों में जो पृथकतावादी मनोवृत्ति उभर रही है उसके ऊपर नियन्त्रण किया जा सके । इसके लिये मैं यह चाहता हूं कि भिन्न भिन्न प्रान्तों में जो पुलिस रक्खी जाती है, मैं उसमें उत्तरप्रदेश की भी बात कहता हूं, जिस प्रान्त में पुलिस रक्खी जाय उसमें एक अनुपात अवश्य नियत किया जाय कि उस प्रान्त में इतने प्रतिशत पुलिस दूसरे प्रान्त की रक्खी जायेगी । इस का परिणाम यह होगा कि अनेकता की प्रवृत्ति दूषित रूप में उभर न पायेगी और उभरेगी भी तो उस पर हम नियन्त्रण कर सकेंगे ।

असम और बंगाल की आन्तरिक स्थिति के संबंध में भी मैं कुछ शब्द कहना चाहता हूं । इस सम्बन्ध में कई बार इस सदन् में चेतावनी दी जा चुकी है । असम में आज पाकिस्तान से सीमा पार करके लोग बराबर इधर आ रहे हैं ; मुझे इस बात को आज देख कर दुःख हुआ कि जहां एक ओर हमारे माननीय राज्य गृह मंत्री ने इस बात को स्वीकार किया है कि जनगणना की रिपोर्ट्स के आधार पर पाकिस्तान से बहुत बड़ी संख्या में मुसलमान सीमा पार करके भारत की सीमा में आ गये हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस बैंचेज पर बैठने वाले एक माननीय सदस्य ने इसके लिए यह कहा कि यह लापर्वाही थी जो लोग सन् १९५१ की गणना में शामिल होने से रह गये थे, छूट गये थे उन्होंने सन् १९६१ में अपना नाम लिखवाया है और यह कैसे समझा जा सकता है कि वह पाकिस्तान से सीमा पार करके भारत में आये हैं ? मैं अपने उन मित्र को बतलाना चाहता हूं कि यह सीमा का अतिक्रमण केवल असम तक ही सीमित नहीं है और यह कोई नई बात नहीं है । असम और बंगाल में जो सीमा का अतिक्रमण करके पाकिस्तान से मुसलमान आ रहे हैं यह मिस्टर मुहम्मद अली जिन्ना की वही योजना है जिसके द्वारा वह असम और बंगाल को भी पाकिस्तान में शामिल करना

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

चाहते थे । इस आधार पर ही तो वह इन दोनों प्रान्तों को पाकिस्तान में मिलाना चाहते थे । वही पुरानी चाल आज फिर खेली जा रही है । मैं चाहता हूं कि माननीय गृह मंत्री विशेष सर्तकता और दृढ़ता का परिचय इस बात में दें । मैं सदन् को याद दिलाना चाहता हूं कि इसी पद पर जब पहले स्वर्गीय सरदार पटेल आसीन थे और जब पाकिस्तान में से इस तरीके से हिन्दुओं को धक्का दे दे कर निकाला जा रहा था तो सरदार पटेल ने उस समय दृढ़ता के साथ पाकिस्तान को यह चेतावनी दी थी कि अगर पाकिस्तान सरकार हिन्दुओं को इस प्रकार से धक्का दे दे कर पाकिस्तान से निकालना चाहती है तो एक साथ सब को धक्का देकर निकालें हम उन सब की व्यवस्था करेंगे लेकिन जितनी जनसंख्या वहां से निकाली जायगी उतनी ही अनुपात से धरती पाकिस्तान को हमें देनी होगी ताकि उन निकाले हुए लोगों को बसाने की हम व्यवस्था कर सकें । अगर पाकिस्तान उतनी धरती नहीं देता है तो फिर जितनी मात्रा में हिन्दू वहां से निकाले जा रहे हैं उतनी मात्रा में यहां से अल्पसंख्यक सम्प्रदाय के लोगों को उसे लेना होगा । स्वर्गीय सरदार पटेल ने जिस दृढ़ता का उस मौके पर परिचय दिया था और पाकिस्तान को ऐसी चेतावनी दी उस नीति का आज पालन क्यों नहीं किया जाता है । मैं समझता हूं कि यह नीति इस समस्या के समाधान में एक बहुत बड़ा योग दे सकेगी ।

एक बात जिसकी ओर माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहा था वह है देश मे धर्म के नाम पर चल रहा अनैतिक व्यापार । आज हमारे देश में धर्म के नाम पर अनैतिक व्यापार आरम्भ हो गया है । अध्यक्ष महोदय, मेरा संकेत उन लोगों की ओर है जोकि धर्म के नाम पर देश में छोटा छोटी दुकानें खोल कर बैठ रहे हैं और उससे भंयकर अनैतिकता बढ़ती जा रही है जिसका कि वर्णन मैं इस संसद् में नहीं कर सकता । मैं चाहता हूं कि हमारा गृह मंत्रालय जहां हमारे देश को राजनैतिक दृष्टि से सावधान रखने का दायित्व लेता है, वहां हमारे गृह मंत्रालय का यह भी कर्तव्य हो जाता है कि यह धर्म के नाम पर कम से कम हमारे देश मे चरित्रभ्रष्टता को प्रोत्साहन न मिले ऐसी व्यवस्था भी करे । कुमारों के नाम पर कुछ धर्म चल रहे हैं, कुमारियों के नाम पर कुछ धर्म चल रहे हैं और इसको लेकर एक रहस्यमय वातावरण बनाया गया है । धर्म के नाम पर जो यह अनैतिक व्यापार किया जा रहा है उस पर प्रतिबंध लगाने की अत्यन्त आवश्यकता है ।

राष्ट्रीय एकता सम्मेलन में इस बात का निश्चय किया गया था कि जातिवाद के खिलाफ हम ने इस देश में आवाज उठानी है । लेकिन हमारा गृह मंत्रालय कम से कम इतना आदेश तो जारी करे कि जो सरकारी कर्मचारी है वह अपने नामों के साथ जाति-वाचक उपनाम न लगायें । कम से कम वह तो इस जातिवाद को प्रोत्साहन न दें । सरकारी नौकरियों में भी तो जातिवाद के आधार पर निर्णय न लिये जांय ।

सरकारी मिनिस्टरों के खर्चे के सम्बन्ध में मैं ने इससे पहले भी इस प्रश्न को उठाया था । जब पिछली बार मैं ने इस प्रश्न को पूछा था तो यह कह कर टाल दिया गया था कि हम इसके आंकड़े इकटठा कर रहे है और उनको यथासमय रख दिया जायगा । मैं ने अपने प्रश्न में यह पूछा था कि सरकार के मिनिस्टर्स वेतन के अतिरिक्त, कोठियों, डाक्टरी व्यय, कारों और मोटर खर्च के अतिरिक्त जब बाहर घूमने को जाते हैं तो वह जो भत्ता उनको मिलता है वह किस मिनिस्टर को कितना मिला है ? मुझे पूछना इसलिए पड़ गया कि एक बार मेरे ही एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बतलाया गया था कि ऐसे ऐसे भी त्यागी और

तपस्वी मिनिस्टर हमारे देश में हैं जिनका कि वेतन एक साल में कुल मिला कर ३० हजार रुपये था लेकिन घूमने का भत्ता उनको ४८ हजार मिला है । सरकार इस तथ्य को छिपाना क्यों चाहती है ? जब मैं ने पहली बार प्रश्न किया तो यह कह कर टाल दिया गया कि आंकड़े इकट्ठा किये जा रहे हैं और दुबारा प्रश्न करने पर भी यही कह दिया गया कि आंकड़े इकट्ठा किये जा रहे हैं । आखिरकार यह आंकड़े कब तक इकट्ठा होंगे ? आपका वित्त मंत्रालय इसके लिए सावधान क्यों नहीं है कि इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर यथासमय दिया जा सके । लेकिन मैं समझता हूं कि उत्तर न देने के पीछे एक कारण है । सरकारी मिनिस्टरों का खर्च जरूरत से ज्यादा बढ़ गया है और वह इतना ज्यादा बढ़ गया है जिसको कि प्रकट करते समय उनको भय होता है कि यह सब बातें समाचारपत्रों में आजायेंगी तो देश हमको क्या कहेगा और संसद हमको क्या कहेगी । लेकिन जब सरकार जनता से त्याग करने की बात करती है तो उसके अंदर भी त्याग की प्रवृत्ति आनी चाहिए और उन रहस्यों को आपको प्रकट कर देना चाहिए ।

अन्त में मैं एक बात कह कर अपना स्थान ग्रहण करता हूं । सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास करने के लिए एक एक प्रान्त में करोड़ों रुपयों की राशि निर्धारित की है । पंजाब और जम्मू-काश्मीर के लिए अलग अलग राशियां रखी गई हैं । उत्तर प्रदेश के लिए २८ करोड़ रुपए सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए रखे गए हैं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जितने भी सीमावर्ती क्षेत्र हैं, उन का दिल्ली के साथ जो कि देश की राजधानी है, सीधा सम्पर्क स्थापित करने की कोई व्यवस्था करनी चाहिए । उदाहरण के लिए गढ़वाल, अल्पोड़ा और नैनीताल का इतना बड़ा भाग है, जो दूसरे देश की सीमा से टकराता है, लेकिन अगर कोई गढ़वाल जाना चाहे, तो उस को गढ़मुक्तेश्वर और गजरौला होते हुए जाना पड़ेगा । अगर मेरठ और बिजनौर होकर सीधे गढ़वाल से सम्बन्ध स्थापित कर लिया जाये तो रास्ता भी सीधा पड़ जायगा और विपत्ति के काल में भी हम को आसानी रहेगी ।

श्री गणपति राम अध्यक्ष महोदय, आज राष्ट्रीय एकता की बातें हमारे लीडरों और देश के हर एक जिम्मेदार नागरिक की जुबान पर हैं । इस सम्बन्ध में मुझे आज से बीस साल पहले की घटना याद आती है, जब मैं काशी विश्वनाथ मन्दिर की बगल में औरंगजेब द्वारा बनाई गई मस्जिद के किनारे पर बैठा हुआ था ।

18.02 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

उस समय एक सम्प्रदायवादी ने मेरे एक साथी से कहा, "वह औरंगजेब कितना बदजात था । उस ने हिन्दू मन्दिर को तोड़ कर मस्जिद बना दी ।" इस पर मेरे साथी ने तुरन्त उत्तर दिया, " खामोश रहो । उस ने क्या बुरा किया ? अगर भगवान के पूजा के स्थान को उस ने पूजा का ही स्थान बनाया तो क्या बेजा किया ?" आज सम्प्रदायवाद की बात करने वाले और जातीयता का नारा लगाने वाले लोग उस जबाब से शिक्षा और प्रेरणा ले सकते हैं और इस देश में साम्प्रदायिकता और जातीयता को ठोकर मार कर इस देश की एकता को बहुत ज्यादा आगे बढ़ा सकते हैं ।

मुझे आश्चर्य होता है, जब दूसरी तरफ़ के माननीय सदस्य यह आवाज़ उठाते हैं कि आज से पंद्रह साल पहले, जब कि यह देश आज़ाद हुआ क्या यहां एकता की कमी थी और किस वजह से आज एकता की बातें की जा रही हैं मैं उन से नम्रता-पूर्वक निवेदन करना चाहता हूं कि आज से पंद्रह साल पहले की समस्यायें आज से भिन्न थीं । उस समय हमारे देश में हिन्दू

[श्री गणपति राम]

सम्प्रदायवाद, सिख सम्प्रदायवाद और माइनारिटी सम्प्रदायवाद इस तरीके के नहीं थे । उस वक्त हमारे देश की बार्डर्ज की हालत इस किस्म की नहीं थी । इस नाते वह एकता का सवाल उस मौके पर नहीं था ।

आज देश में ऐसी समस्यायें खड़ी हो गई हैं, जिस से देश की एकता को बहुत बड़ी ठेस लगने वाली है । हमारे जिन नेताओं ने अपनी कुर्बानी, त्याग और तपस्या से इस देश को विदेशियों के चंगुल से मुक्त कर के यहां पर आजादी लाई, उन के सामने यह एक बहुत बड़ा कर्तव्य है कि अपने रहते हुए भविष्य की सन्तानों के लिए इस देश की एकता को कभी न मिटने दें । आज देश का हर एक जिम्मेदार नागरिक इस बात को महसूस कर रहा है कि हमारे देश के जिम्मेदार नेता इस विषय में सही कदम उठा रहे हैं । आज इस देश में जो विघटनकारी शक्तियां काम कर रही हैं, उन को समाप्त करने के लिए सरकार को दृढ़ कार्यवाही करनी चाहिए और देश में जहां पर साम्प्रदायिक और जातीय झगड़े शुरू होते हैं, सरकार की तरफ़ से वहां पर कड़े कदम उठाए जाने चाहिए । इस सदन के सभी सदस्य, देश का पढ़ा-लिखा तबका और देश का हर एक जिम्मेदार नागरिक आज इस बारे में सरकार के साथ है और कभी सरकार का पांव नहीं खींच सकेगा ।

लेकिन में नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहता हूं कि हमें उन शक्तियों की ओर भी ध्यान देना चाहिए, जो कि हमारी और आप की आंखों के नीचे पनप रहे हैं, जिन को हम देखते हैं, लेकिन उन के बारे में कुछ कहना नहीं चाहते । आज कई माननीय सदस्यों ने हमारे आफ़िसर्ज के बारे में सवाल उठाए । आज हम देखते हैं कि शिडयूल्ड कास्ट्स, बैकवर्ड क्लासिज और माइनारिटीज के कैंडीडेट्स को सिर्फ़ इस लिए सार्वेसिज में नहीं लिया जाता है कि चुनाव बोर्ड में उन की जाति के आदमी नहीं होते हैं । मुझे यह सुन कर आश्चर्य होता है कि इस सदन में माननीय मंत्री के द्वारा यह जबाब दिया जाता है, जिस का उद्धरण, रैफ़रेंस, दिया जाता है, कि फ़लां फ़लां सर्विसिज में संविधान के लागू होने के बारह बरस बाद भी हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज का कोटा पूरा नहीं किया गया है । आखिर इस का कारण क्या है ? क्या सरकार ने कभी इस बात पर विचार किया है ?

मैं माननीय मंत्री, श्री दातार, की अमृत-वाणी को बड़े धैर्य से पीता रहा, लेकिन केवल बातों से किसी के दिल की बीमारी खत्म नहीं हो सकती । हम यह जानते हैं कि उन की नीयत में खामी नहीं है, लेकिन उन के नीचे काम करने वालों की नीयत में खामी है । कई सिलेक्शन बोर्ड्ज में ऐसे ऐसे आदमी रखे गए हैं, जो शिड्यूल्ड कास्ट्स के उस कैंडीडेट से, जो कि इम्तहान में बड़े अच्छे नम्बरों से पास हो जाता है, इन्टरव्यू और वाइवा वोसी में पहला सवाल यह करते हैं कि " तुम किस कौम के हो"? एक महीने की बात है कि एक शिड्यूल्ड कास्ट के कैंडीडेट ने, जो आई० ए० एस० और आई० एफ़० एस० में पास हो गया, वाइवा वोसी में पास हो गया, रेलवे की एक पोस्ट के लिए एप्लाई किया, जहां वह एप्रेंटिसशिप में था, तो रेलवे बोर्ड ने सब से पहले उस से यह सवाल किया कि "तुम किस कौम के हो"? अगर इस प्रकार जातीयता का प्रचार करने वाले और जातीयता की भावना से प्रेरित हो कर लोगों के अधिकारों और हितों का हनन करने वाले लोग इस सरकार में पनप रहे हों और हमारी सरकार आंख मूंद बैठी

रहे, तो यह किस की जिम्मेदारी होगी ?

इस सदन में एक सवाल के जबाब में भूतपूर्व गृह मंत्री ने बताया था कि देश भर में आई० ए० एस० में शिड्यूल्ड कास्ट्स के २०० आदमियों ने क्वालिफ़ाई किया, लेकिन **वाईवा वोसी** में वे सब फ़ेल हो गए और उन मे से केवल दस लिए गए । सरकार की तरफ़ से अवसर यह कहा जाता है कि शिड्यूल्ड कास्ट्स के क्वालिफ़ाइड कैंडीडेट्स नहीं मिलते हैं और जब वे एग्जामिनेशन में कामयाब हो जाते हैं, क्वालिफ़ाई कर लेते हैं, तो इन्टरव्य करने वाले बोर्ड के हर एक मेम्बर से कह दिया जाता है कि अमुक व्यक्ति शिड्यूल्ड कास्ट्स का है और वहीं पर उस की सारी योग्यता खत्म हो जाती है ।

इस देश मे जिन लोगों को सदियों तक सामाजिक, आर्थिक और तरह तरह की यातनायें दी गई, जिन को समाज ने पढ़ने-लिखने का समान अवसर नहीं दिया. उन के लिए देश को आज़ादी के बाद बनाए गए संविधान में स्पेशल प्राविजन रख गए । अगर उन प्राविजन्ज़ का ठीक तरह से पालन न किया जाये और उन लोगों को प्रगति का अवसर न दिया जाये, तो यह किस की जिम्मेदारी होगी ? हर साल इस सदन में, जो कि हिन्दुस्तान की साविरेन पार्लियामेंट है और जिस के माने हुए हर लफ्ज़ का सरकार को पालन करना चाहिए, शिड्यूल्ड-कास्ट्स कमिश्नर की रिपोर्ट में दी गई रीकमेंडेशन्ज़ को एपरूव किया जाता है । अगर सरकार उन रीकमेंडेशन्ज़ को भी इम्प्लीमेंट कर देती, तो हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज़ की बहुत सी समस्यायें हल हो जातीं मुझे आश्चर्य और खेद के साथ कहना पड़ता है कि यद्यपि यह सदन हर साल उन रीकमेंडेशन्ज़ को एपरूव करता है, लेकिन सरकार की तरफ़ से उन को इम्प्लीमेंट नहीं किया जाता है ।

आज बहुत से लोगों को यह शुबहा सा हो रहा है कि क्या सरकार के नीचे काम करने वालों की नियत साफ नहीं है ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप का समय खत्म हो गया ।

श्री गणपति राम : मैं ने दो महीने लगातार कोशिश की, लेकिन मुझे समय नहीं मिला । कम से कम पांच मिनट मुझे और दे दिये जायें ।

उपाध्यक्ष महोदय : नहीं, नहीं दस मिनट हो गये । और ज्यादा नहीं मिलेगा ।

श्री गणपति राम : अपोजीशन के लोग तो २५-२५ मिनट बोले हैं । कम से कम पांच मिनट और दे दिये जायें ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं । और ज्यादा समय नहीं मिल सकता ।

श्री गणपति राम : मैं बहुत जल्दी समाप्त कर रहा हूं ।

गृह मंत्री जी अपने जबाब में कह रहे थे कि ढाई करोड रुपया शेड्यूल्ड कास्ट्स और अदर बैकवर्ड क्लासेज के लडकों के लिये वजीफे के नाम पर दिये जा रहे है । शेड्यूल्ड कास्ट्स की आबादी ८ करोड है, अदर बैकवर्ड क्लासेज की आबादी मिला कर वह देश की आबादी का तीन चौथाई हिस्सा हो जाता है, और स्कालरशिप का रुपया है ढाई करोड । मेरी समझ में नहीं आता कि साल भर में एक विद्यार्थी पर कितने पैसे का हिसाब पडता है ।

आज अस्पृश्यता निवारण के नाम पर सन् १९५६ से लगातार टेट को सरकारों को पैसा दिया जाता है । एक माननीय सदस्य ने सदन के अन्दर हमारे गृह मंत्री का जबाब पढ़ कर सुनाया । वे 'पंजाब' के बारे में कह रहे थे, मैं उत्तर प्रदेश के बारेमें बतलाना चाहता हूं। सन् १९५६ से आज तक जितना रुपया दिया गया

[श्री गणपति राम]

है उस में हमेशा आधा या तीन चौथाई रुपया वापस चला आता है, खर्च नहीं होता है । बड़ा बढ़िया स्टेटमेंट दे दिया जाता है कि बजट अलाटमेंट हुआ था लेकिन पैसा खर्च नहीं हुआ । रुपया जाता है लेकिन बड़ी इमान्दारी के साथ स्टेट सरकारें लौटा देती है । कहा जाता है कि हमारी सरकार केन्द्र की तरफ से लाखों रुपया अस्पृश्यता निवारण के लिये खर्च करती है । सेंटर में आल इंडिया डीप्रेस्ड क्लासेज लीग है । मैं ने देखा कि पहले कुछ सालों तक उस को आर्थिक सहायता मिलती रही लेकिन अब वह भी बन्द कर दी गई है । आज देश के कोने कोने में ऐसी संस्थायें चल रही हैं, लेकिन क्या सरकार सोचती है । वह कानून के द्वारा अस्पृश्यता को खत्म कर सकती है ? मुझे आश्चर्य होता है ऐसे लोगों पर जो कहते हैं कि संविधान ने अस्पृश्यता को खत्म कर दिया । मैं नम्रतापूर्वक पूछना चाहता हूं ऐसे लोगों से कि चूंकि हिन्दुस्तान के अन्दर अस्पृश्यता थी इस लिये कानून की जरूरत पड़ी, लेकिन क्या जिस दिन कानून बन गया उस दिन इस देश से अस्पृश्यता खत्म हो गई ?

अभी हमारे गृह मंत्री जी ने बतलाया कि सरकार ने हरिजनों को योग्य बनाने के लिये कोचिंग क्लासेज शुरू किया है। मैं ने उन कोचिंग क्लासेज को भी देखा है । शायद अखबारों के द्वारा सरकार के सामने वह मसला आया होगा । जो लोग देश के जिम्मेदार पदों पर रक्खे जाने वाले हैं, उनके साथ छुआ छूत बरती जाती है । इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के अन्दर पिछले साल मसला आया कि खाने में और रहने में छुआ छूत बरती जाती है । मुझे वह दिन भी याद आता है जब मैं पढ रहा था । वेद पढने के नाम पर मुझे जैसे विद्यार्थी को भी अलग रक्खा गया । मुझ वह दिन भी याद आता है । आज भी क्या मैं नम्रतापूर्वक पूछ सकता हूं कि देश में क्या कोई भी एक ऐसा गांव है जहां पर छुआ छूत न बरती जाती हो ? कहीं कम और कहीं ज्यादा हो सकती है । शहरों में कम हो सकती है और आज हिन्दुस्तान का हर जिम्मेदार और पढा लिखा आदमी मानता है कि छुआ छूत में कमी है, लेकिन वह खत्म नहीं हुई है । आज जब वह खत्म नहीं हुई है तो सदियों से चल रही बीमारी को खत्म करने के लिऐ आप की तरफ से क्या कदम उठाया जा रहा है ? क्या वह बातों से खत्म हो सकती है ? आज जो सरकार देश के लिये जिम्मेदार है, जिस ने ईमानदारी के साथ ८०-९० लाख रिफ्यूजियों के मामले को हल किया, क्या वह ८ । करोड हरिजनों की जो सदियों से, युगों से इस देश में रिफ्यूजियों से बदतर जीवन बिता रहे है, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक दशा को अच्छा नहीं कर सकती? मैं नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहता हूं इस छुआ छूत के मसले में ।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member will, please, resume his seat. Shri Pratap Singh, Himachal Pradesh.

श्री प्रताप सिंह सिरमौरा : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत कुछ कहना था लेकिन टाइम के अभाव से मैं चन्द अल्फाज में ही अपनी बात को खत्म करना चाहता हूं । यूनियन टेरिटरीज का सब से ज्यादा सम्बन्ध हमारी होम मिनिस्ट्री से है, जिस के ऊपर आज चर्चा हो रही है । हिमाचल प्रदेश ३० छोटी छोटी रियासतों का मजमूआ है, और छोटी छोटी रियासतों को तोड़ कर एक इकाई की शक्ल में लाया गया था, १९४८ में । उस वक्त सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जिन्होंने तमाम रियासतों को तोडने में सायता दी थी, उस वक्त की राजनैतिक पार्टी को जो कि हिमाचल प्रदेश प्रजामंडल के नाम से काम कर रही थी, एक खत के द्वारा तहरीर कया था कि वह पहले चीफ कमिशनर का राज्य होगा, फिर हिमाचल प्रदेश में लेजिस्लेटिव असेम्बली होगी जिस का हेड लेफ्टेनेन्ट गवर्नर होगा, उस के बाद ज्यों ही उस की आमदनी काफी हो जायेगी, उस के जराय बढ जायेंगे, उस वक्य हिमचल प्रदेश एक फुलफ्लेज्ड स्टेट बन जायेगा । उसी आधार पर सन् १९४८ में

हिमाचल प्रदेश में चीफ कमिशनर का राज्य हुआ, उस के बाद सन् १९५१-५२ में वहां पर लेजिस्लेटिव असेम्बली लेफ्टेनेन्ट गवर्नर के मातहत हुई जो कि पाट सी स्टेट ऐक्ट के तहत हुई । लेकिन ट्रस्टेट्स रिआगनाइजेशन कमीशन की रिपोर्ट के बाद वहां से डिमाक्रेटिक सिस्टम को हटा कर उस को टेरिटोरियल कौंसिल की शक्ल में लाया गया । मैं आप के सामने बतलाना चाहूंगा कि टेरिटोरियल कौंसिल ऐक्ट जो चीज है उस से हिमाचल प्रदेश को क्या कायदा पहुंचा और क्या नुक्सान पहुँचा ।

टेरिटोरियल कौंसिल एक ऐसा निकम्मा और अधूरा ढांचा है जिस की वजह से वहां की जनता बहुत मुश्किलात में है । न तो वह कुछ समझ सकते है कि यह ढांचा क्या है और न वहां की जनता यह जानती है कि उन्हें क्या करना है । वहां के लोग समझते हैं कि उन्हें कुछ नहीं करना है । हमारी सरकार लाखों करोंडों रुपये हिमाचल प्रदेश की बहबूदी के लिये देती है । लेकिन जहां तक उस की बहबूदी का सवाल है, अगर वहां जा कर देखा जाय, तभी मालूम हो सकता है कि वहा क्या बहबूदी हो रही है । कहा जाता है कि वहां सडकें बन रही हैं, कहा जाता है कि वहां दूसरे काम होते जा रहे हैं । लेकिन मैं दावे के साथ कहसकता हूं कि जो काम वहां पर मिनिस्ट्री के जमाने में हुए हिमाचल प्रदश को ऊंचा उठाने के लिये, वह बाद के पांच साल के अर्से में नहीं हुए । अगर रुपयों के आधार पर देखा जाय तो दूने से ज्यादा रुपया हमारी भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश में लगाया लेकिन उस का कोई कायदा नहीं हुआ । अगर आप देखें कि मिनिस्ट्री के जमाने में हिमाचल प्रदेश में कितनी सड़कें बनीं तो पता चलता है कि १५०० मील लम्बी सड़कें बनीं, लेकिन उस के बाद उस खर्च का अन्दाजा लगाया जाये तो उस वक्त सिर्फ २३२.८७ लाख रुपया खर्च किया गया था, उसके बाद दूसरी पंच साला प्लन में सडकों को देखिये तो सिर्फ ३९९ मील लम्बी सडकें बनीं जब कि उसपर ४७७.५८ लाख रुपया खर्च हुआ । अगर हम इस बात को देखें कि किस जिले में कितनी सड़कें बनीं, किस इलाके में किन किन सालों में बनीं, तो मैं दावे से कह सकता हूं कि आप सिरमौर में जा कर देखिये कि जो सडकें मिनिस्ट्री के जमाने में बनीं, जब असेम्बली काम करती थी उस के जमाने में बनीं, उस के बाद एक इंच भी कोई सड़क नहीं है जो उस पांच साल के बाद बनी हो और जिस पर मोटर चली हो यानी उसे मोटरेबल बनाया गया हो । मेरे कहने का मतलब यह है कि बावजूद इस के कि रुपया ज्यादा खर्च किया जा रहा है, और बावजूद इस के कि वहां पर लोगों की नुमाइदगी है काम कुछ नहीं हो रहा है । वह नुमाइन्दे महज देखने के नुमाइन्दे हैं, वह महज उस किस्म के नुमाइन्दे हैं जिन के हाथ में सब कुछ दे दिया जाये और कहा जाये कि मकान तुम्हारे पास है, लेकिन तुम मकान के दरवाजे पर खडे रहो, घर के अंदर तुम नहीं जा सकते इस आधार पर लोगों की नुमाइन्दगी है हिमाचल प्रदेश में । वहां पर जो टेरिटोरियल कौंसिल का ढांचा है उस में सिर्फ तीन महकमे अधूरे और निकम्मे शक्ल से उस कौंसिल के पास है जो वहां पर काम करती है, जहां पब्लिक के नुमाइन्दे काम करते हैं । बाकी सारा ढांचा ऐडमिनिस्ट्रेशन के पास है । मैं बतलाना चाहता हूं कि वहां पर एजुकेशन का महकमा है । एजुकेशन के महकमे में क्या है ? पहली जमात से ले कर दसवीं जमात तक की तालीम टेरिटोरियल कौंसिल के पास है लेकिन तालीम के महकमे के अन्दर जो ट्रेनिंग स्कूल हैं या कालेजेज हैं और दूसरी चीजें हैं, वह सब ऐडमिनिस्ट्रेशन के पास हैं । वह लोग अपनी मनमानी करते हैं । वह किसी की बात नहीं सुनते हैं उस में क्या हो रहा है उसे कोई पूछने वाला नहीं है । इसी तरह से आप दूसरे महकमों को देखें जसे अस्पतालों का महकमा है, तो आपको पता चलेगा कि छोटे दरजे के अस्पताल टैरीटोरियल काउंसिल को दिए गए हैं और बड़ा अस्पताल एडमिनिस्ट्रेशन के हाथ में है । तो जो महत्वपूर्ण

[श्री प्रताप सिंह]

विभाग है और जहां तक नीति का मामला वह एडमिनिस्ट्रेशन के पास है । बेट्नरी के जो छोटे अस्पताल है वह नुमाइन्दे के पास है । मेरे कहने का मतलब यह है कि केवल तीन महकमे काउंसिल के पास हैं और बाकी तमाम ढांचा गवर्नमेंट का डैम सड़क, डेवेलपमेंट, इरीगेशन, जंगलात पुलिस आदि जिनसे रोजाना हिमाचल की जनता को काम पड़ता है वे सारे के सारे विभाग एडमिनिस्ट्रेशन के हाथ में हैं ।

आप देखें कि एडमिनिस्ट्रेशन क्या कर रहा है । यह चीज हम दिल्ली में बैठ कर नहीं मालूम कर सकते । हमको वहां के काम के बारे में फिल्में दिखायी जाती हैं । उनमें हम देखते हैं कि सड़क बन रही है और सड़क के लिए पहाड़ की कटाई हो रही है । लेकिन मेरा दावा है कि अगर आप वहां जा कर देखें तो आपको मालूम होगा कि जो काम पहले असेम्बली ने किया है, जब कि बहुत कम रकम भारत सरकार की तरफ से दी जाती थी पहली पंच वर्षीय योजना में, वह उससे दुगना है तो अब क्या किया जा रहा है जब कि आज पहले से दुगना रुपया दिया जा रहा है । पहले के मुकाबले अब आधा भी काम नहीं हो रहा है । यह चीज देखने की है ।

मैं अर्ज करूंगा कि जब हमारे मिनिस्टर मौजूद थे और पबलिक के नुमाइन्दे मौजूद थे तो लोगों को सवाल करके यह मालूम हो सकता था कि क्या हो रहा है । अगर मिनिस्टर गलती करते थे तो पबलिक के नुमाइंदे सवाल करके पूछ सकत थे, मोशन करके पूछ सकते थे । अगर कोई गलत काम होता था तो वह इस तरह ठीक हो जाता था । सरकारी मुलाजिम डरते थे कि हमसे गलती हो जाएगी तो हमसे जवाब तलब किया जाएगा । लेकिन अब हमारे ऊपर ऐसा निकम्मा ढांचा थोपा गया है । वहां पर जो असेम्बली थी उसको हटाकर जो टैरीटोरियल काउंसिल दी गयी है यह बिल्कुल निकम्मी साबित ही गयी है । हम चाहते हैं कि हमारी पुरानी हालत फिर लादी जाए, हम कोई नई चीज नहीं चाहते । हम वही चीज चाहते हैं जो हमसे ले ली गयी है । हमारी स्टेट पहले पार्ट सी स्टेट थी और पार्ट सी स्टेट के लिए कानून में यह प्रावीजन है कि यह हाउस जिस तरह से चाहे उसको चला सकता है । तो जो चीज हमको मिलनी चाहिए वही हम मांग रहे हैं । हम कोई छोटे बच्चे नहीं हैं । हम समझते हैं कि हमको अपने इलाके में क्या करना है । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो हमारे मंत्री थे वे इंटीरियर में दौरा करते थे और चीनी तथा पांगी इलाके तक जाते थे । वे लोग १२ सौ से २२ हजार फीट ऊंचे इलाकों तक जाते थे । उनको पता चलता था कि लोगों को किस चीज की जरूरत है, कहां पानी की जरूरत है, कहां सड़क की जरूरत है और कहां जंगलात की रक्षा करने की जरूरत है । लेकिन जब से वहां का शासन एडमिनिस्ट्रेशन के हाथ में आया है आप पता कर लें कि कितनी दफा अफसरान चीनी और पांगी इलाकों में गए हैं । वेलोग मौके पर नहीं जाते और जैसा सरकारी मुलाजिम कहते हैं उसी के मुताबिक वह मैदान के इलाकों में बैठ कर स्कीमें बना कर भेज देते हैं वे स्कीमें उन इलाकों में कैसे कामयाब हो सकती है । हमारे यहां ऐसे इलाके हैं कि जिनमें जाने के लिए आज जून के महीने में भी गरम कपड़ों और गम्बलों की जरूरत होती है । वहां आज भी बरफ पड़ी हुई है । जो लोग यहां बैठकर उन इलाकों के लिए स्कीमें बनाते हैं वे वहां की जरूरतों को कैसे महसूस कर सकते हैं । जब वे वहां नहीं पहुंचते तो हरगिज वे वहां की जरूरतों को महसूस नहीं कर सकते । तो ये बातें मैं आप के सामने रखना चाहता था ।

जहां तक डेवेलपमेंट का सवाल है जो ट्यूब वैल उन्होंने बनाए आज तक उनमें पानी नहीं है । जो नहरें और कूलें बनायीं वे बिल्कुल खत्म हो चुकी हैं । हम यहां से लाखों रुपया हिमाचल के लिए भेजते हैं लेकिन वहां कोई पूछने वाला नहीं है । इसका कारण यह है कि

आज पबलिक के नुमायंदों को कोई अधिकार नहीं हैं। हिमाचल में बहुत कम काम हो रहा है लेकिन दुनिया को फिल्मों में दिखाया जाता हैं कि हिमाचल में बहुत कुछ हो रहा है।

शडयूल्ड कास्ट वालों की हालत आप देखें। रिपोर्ट से पता चलता हैं कि पहले हिमाचल में शिक्षा ७.७ पर सेंट थी और सन् १९६० में २८.८ हो गयी। लेकिन इसमें शिड्यूल्ड कास्ट का परसेंटेज लगभग २-२ हैं। यह हालत उनकी तालीम की है। इसका कारण यह हैं कि जो असली नीति का काम है वह हमारे हाथ में नहीं, वह एडमिनिस्ट्रेशन के पास है। इसलिए मेरा निवेदन हैं कि जब तक इस ढांचे को नहीं बदला जाएगा और इस टैरीटोरियल काउंसिल को वहां से नहीं मिकाला जाएगा हिमाचल की तरक्की नहीं हो सकती। इतना कह कर मैं समाप्त करना हूं।

Mr. Deptuy-Speaker: Shri Badrudduja.

Shri Badrudduja: How long are we sitting today?

Mr. Deputy-Speaker: He can begin now and continue tomorrow.

Shri Badrudduja: Mr. Deputy-Speaker, I have grown wiser after hearing the observations of hon. Members on both sides of the House. I want to discuss at length a subject but as the time at my disposal is very short, I cannot do justice to it. So, with your permisison, I shall only touch certain aspects of the subject this afternoon.

The Ministry of Home Affairs is mainly concerned with the problems of maintenance of peace and tranquillity in the land and the manning and administration of the public services. Peace and tranquillity in the land can only be maintained, can only be ensured, if justice, as laid down in the preamble to the Constitution—social, economic and political—can be secured to all citizens of the State, if the fundamental rights of all citizens guaranteed in the Constitution, their lives and liberties, their honour and properties are protected, if the people of the country, all sections of the Hindus, Muslims and Christians are allowed to contribute according to their own lights and convictions to the political, social and cultural evolution of the common motherland.

Sir, only twentytwo years back, when Shri Fazul Huq, my revered leader, was the Chief Minister of Bengal, we constituted a majority in Bengal. In those days, the Muslim League was in its fullest swing. Dr. S. P. Mukerjee, a stalwart of this House, threw a challenge to the Government of Shri Fazul Huq when the Secondary Education Bill was being piloted on the floor of the Bengal Legislative Assembly, by saying that he would not allow that Bill to be placed on the statute book. Shri Fazul Huq, representing the Government of Bengal as Chief Minister and Education Minister, naturally had to accept that challenge. He said "I shall see that this Bill is placed on the statute-book". But, in that heat generated on the floor of the House by this challenge and counter-challenge, I stood on my legs and said: I do not propose to accept that challenge from a brother to a brother, from a friend to a friend, from a child of the soil to another, from a Bengali to another Bengali, bestowed with the same thought, disturbed with the same sorrow, tortured with the same suffering, the same misfortunes, the same trials and ordeals of life. I plead for a better understanding and deeper reconciliation between communities. I plead for a greater Bengal, happier Bengal, a prosperous Bengal, a greater India, a happier India, a more peaceful and prosperious India where all classes and communities groups. In society would be adequately represented, each one contributing according to its own light and convictions to the political, social,

[Shri Badrudduja]

cultural and economic reconstruction of the common Mother land, paving the way for inter-communal harmony and peace which was the cry in this much distracted, and much agitated, and much disturbed land of Hindustan. I had that dream of life then, and that dream was, however, shattered after partition. I had very great regard for eminent leaders of the Congress who were fighting the British Imperialism, braving the storms of the dangers created by class hatred creating a new re-orientation, developing a new phase, shaping and re-shaping, moulding and re-moulding, integrating and re-integrating the forces of India in those dark days of British imperialism reinforced by narrow loyalties. When the Congress came to power in December 1940, once we linked up with the progressive forces in order to strengthen this country against the evil effects of the communal passions and prejudices which were eating into the very vitals of the nation But our dream was not realised; that dream was shattered. Immediately after partition, the minorities on both sides of the borders had to pass through blood & fire and massacre which took place on both the sides on a scale which one could hardly have ever imagined

Mr. Deputy-Speaker: He might continue his speech tomorrow.

18.30 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, June 6, 1962/Jyaistha 16, 1884 (Saka).